पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 329

ग्वालियर, शनिवार, 22 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



खास खबर

ई-एपिक कार्ड की मदद हैं मतदान कर सकते हैं आम जन

नई दिल्ली। 2022 में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने है,इस लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव आयोग ने मतदान के लिए वोटर कार्ड के अलावा कई दूसरे विकल्प भी दिए हुए हैं। चुनाव आयोग ने 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर 25 जनवरी 2021 को देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड, इस ई-एपिक के नाम से जानते हैं, इस सुविधा की शुरुआत की थी। वोटर आईडी कार्ड का नॉन-एडिटेबल और सुरक्षित पीडीएफ वर्जनई-एपिक है। आप इसको मोबाइल या कंप्यूटर की मदद से आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं।साथ ही ई-एपिक को डिजी लॉकर में भी अपलोड कर प्रिंट करा सकते हैं। आप नीचे दिए गए आसान तरीकों से ई-एपिक डाउनलोड कर सकते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा है कि मतदाताओं को हर बार शहर या राज्य बदलने पर नए वोटर आईडी कार्ड के लिए अनुरोध करने की जरूरत नहीं होगी। वे बस अपना एड्रेस बदलकर कार्ड का नया वर्जन डाउनलोड कर सकते हैं। फिलहाल ई-एपिक डाउनलोड की सुविधा नवंबर 2020 के बाद रजिस्टर्ड हुए मतदाताओं के लिए ही उपलब्ध है।

क्लब हाउस एप पर चैट के सिलसिले में हरियाणा से तीन लोगों की गिरफ्तारी

मुंबई। मुंबई पुलिस ने 'क्लब हाउस एप पर चैट के सिलसिले में हरियाणा से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें कथित तौर पर मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ अश्लील टिप्पणी की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई अपराध शाखा के साइबर थाने के कर्मियों ने इन लोगों को गिरफ्तार किया।इनमें से दो आरोपियों को आज दिन में अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मामले में गिरफ्तार हुए तीन लोगों के नाम- आकाश, जैशनव कक्कड़ और यश पाराशर है। शिवसेना की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने ट्वीट कर शहर की पुलिस को मामले में गिरफ्तारी के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने ट्वीट किया, 'मुंबई पुलिस को बधाई। उन्होंने क्लब हाउस चैट के खिलाफ भी कार्रवाई कर कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। दिल्ली पुलिस ने 'क्लब हाउस एप और सर्च इंजन 'गूगल' को पत्र लिखकर कथित ऑडियो ग्रुप चैट के आयोजक के बारे में जानकारी मांगी थी, जिसमें कथित तौर पर 'मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ अश्लील टिप्पणी की गई थीं।' सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने जांच के तहत 'ग्रुप ऑडियो चैट' के कुछ सदस्यों की पहचान भी की, जिसमें दोनों समुदायों के पुरुष और महिलाएं शामिल थे।अधिकारी ने बताया कि मुंबई के एक संगठन ने 'क्लब हाउस एप के संबंध में बुधवार को शहर की पुलिस से शिकायत की थी और उसे निष्क्रिय करने तथा मामला दर्ज करने की मांग की थी।

राजस्थान में खेत में ले जाकर महिला से गैंगरेप

उदयपुर। उदयपुर जिले के झाड़ोल थाना क्षेत्र में अकेली जा रही महिला को जबरन खेत में ले जाकर दो बदमाशों ने गैंगरेप किया।बड़ी मुश्किल से महिला आरोपियों से बचकर बिना कपड़ों के ही बदहवास होकर पुलिस चौकी पहुंची। घटना गुरुवार की है, पुलिस ने शुक्रवार सुबह ही मामले को गंभीरता से लेकर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। महिला अपने ससुराल से अकेली पीहर जा रही थी। तभी बाइक पर आए तीन बदमाश आए, उनमें से दो बदमाश वहीं रुके और तीसरा बाइक लेकर चला गया। दोनों युवक महिला को खेत में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया। महिला ने पहले अपने बचाव में मिन्नतें कीं और बाद में शोर मचाने की कोशिश की,तब एक आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया। खींचतान में महिला की साड़ी उतर गई। महिला का आरोप है कि दोनों ने एक-एक कर उसके साथ रेप किया। आखिर में महिला किसी तरह से बचकर वहां से भागी और बिना कपड़ों के ही पुलिस चौकी पर पहुंची। महिला दोनों आरोपियों को जानती थी,इसकारण उनकी पहचान में पुलिस को ज्यादा दिक्कत नहीं हुई। महिला ने उसी इलाके के रहने वाले मोहनलाल पारगी और भैरूलाल पारगी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने दोनों ही आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

बॉम्बे हाईकोर्ट के जज के चैंबर में मिला 5 फीट लंबा सांप

मुंबई। वर्चुअल मोड के माध्यम से सुनवाई होने के कारण, इन दिनों बॉम्बे हाईकोर्ट में शायद ही कोई वकील आ रहे हों,इसके बाद शुक्रवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में अचानक हड़कंप मच गया। दरअसल हाईकोर्ट के जज एनआर बोरकर के चैंबर में एक सांप देखा गया।सांप के मिलते ही आनन फानन में वन विभाग की टीम को बुलाया गया। 4 से 5 फीट लंबा सांप को सुबह-सुबह मिला था।सबसे पहले स्टाफ के सदस्यों में से एक ने सांप को देखकर तुरंत मदद के लिए आवाज लगा दी। सांप को निकालने के प्रयास का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

केजरीवाल सरकार ने वीकेंड कर्फ्यू और कुछ अन्य कोरोना संबंधी प्रतिबंध हटाने के लिए एलजी को भेजा प्रस्ताव

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना संक्रमण की रफ़्तार धीरे-धीरे कम हो रही है और संक्रमण दर में तेजी से गिरावट देखने को मिल रही है। अर्थव्यवस्था दोबारा पटरी पर लौटे इसके लिए केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में वीकेंड कर्फ्यू हटाने करने के साथ-साथ बाजारों से ऑड-इवन सिस्टम खत्म करने और प्राइवेट दफ्तरों को 50त्न की क्षमता के साथ शुरू करने के लिए उपराज्यपाल को प्रस्ताव भेजा है। उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद दिल्ली में ये पाबंदियां ख़त्म हो जाएगी। शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक प्रेस-कांफ्रेस के माध्यम से ये जानकारी साझा की। श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में कोरोना बढ़ते मामलों के कारण संक्रमण को रोकने और लोगों की सुरक्षा को मद्देनज़र रखते हुए कई प्रतिबंध लगाए गए थे। लेकिन अब कोरोना के संक्रमण की दर कम हो चुकी है और ऐसा लगता है कि इसका पीक टाइम बीत चुका है।उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को दिल्ली में कोरोना के सबसे अधिक लगभग 28,000 मामले सामने आए थे और करीब 8-10 दिन पहले पॉजिटिविटी रेट करीब 31त्न पहुँच गई थी लेकिन अब संक्रमण की दर घटकर 17त्न पर

आ गई है और ये लगातार कम होती जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना भी जरुरी है7 पिछले 2 सालों में लोगों के सामने नौकरी का संकट खड़ा हुआ और अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान हुआ है7 ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो और लोगों के सामने जीवनयापन का संकट खड़ा न हो इसलिए ये बेहद जरुरी है कि लोग वापस नौकरियों पर लौटे और बाज़ार खोले जाए7 इसलिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता और व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते हुए कुछ पावंदियों को हटाने का निर्णय लिया है और उसे मंजूरी दिलाने के लिए उपराज्यपाल को प्रस्ताव भेजा है श्री सिसोदिया ने कहा कि उपराज्यपाल की मंजूरी मिलने के तुरंत बाद से दिल्ली में ये पाबंदियां हटा दी जाएगी।

उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद किन पाबंदियों को हटाया जाएगा

1. दिल्ली में वीकेंड कर्फ्यू को हटा दिया जाएगा।
2. ऑड-इवन का सिस्टम खत्म किया जाएगा और बाज़ारों में अब सभी दुकानें खुल सकेंगी।

प्रधानमंत्री ने गुजरात के सोमनाथ में नए सर्किट हाउस का उदघाटन किया

देश की सांस्कृतिक धराहरें एक भारत-श्रेष्ठ भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं : पीएम मोदी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज गुजरात के सोमनाथ में नए सर्किट हाउस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र भाई पटेल, राज्य के मंत्री, संसद सदस्य और मंदिर ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने गुजरात सरकार, सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट और श्रद्धालुओं को सोमनाथ सर्किट हाउस के उद्घाटन के लिए बधाई दी। श्री मोदी ने कहा, मैं इस महत्वपूर्ण अवसर पर गुजरात सरकार को, सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट को, और आप सभी को हार्दिक बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि समय के कहर के बावजूद मंदिर की चोटी और शिखर को देखकर श्रद्धालु भारत की चेतना के बरकरार रहने पर गौरवान्वित महसूस करेंगे। भारतीय सभ्यता की चुनौतीपूर्ण यात्रा और सैकड़ों वर्षों की गुलामी की

परिस्थितियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन परिस्थितियों में सोमनाथ मंदिर को तबाह किया गया, और फिर जिन परिस्थितियों में सरदार पटेल जी के प्रयासों से मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ, वो दोनों ही हमारे लिए एक बड़ा संदेश हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आज जब आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान हम अपने अतीत से सीखना चाहते हैं, तो सोमनाथ जैसे संस्कृति और आस्था के स्थल इसके केंद्र में हैं।उन्होंने कहा कि हम दुनिया के कई देशों के बारे में सुनते हैं कि उनकी अर्थव्यवस्था में पर्यटन का योगदान कितना बड़ा है। उन्होंने कहा, हमारे यहाँ तो हर राज्य में, हर क्षेत्र में ऐसी ही अनंत संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने आध्यात्मिक स्थलों के एक आभासी भारत दर्शन के बारे में जानकारी दी। मोदी ने गुजरात में सोमनाथ, द्वारका, कच्छ का रण और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी; उत्तर प्रदेश में अयोध्या, मथुरा, काशी, प्रयाग, कुशीनगर और विंध्याचल जैसे स्थान; देवभूमि उत्तराखंड में बद्रीनाथ केदारनाथ; हिमाचल में ज्वाला देवी, नैना देवी; दिव्य और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण संपूर्ण पूर्वोत्तर क्षेत्र; तमिलनाडु में रामेश्वरम; ओडिशा में पुरी; आंध्र प्रदेश में तिरुपति बालाजी; महाराष्ट्र में सिद्धि विनायक; केरल में सबरीमाला को सूचीबद्ध किया। उन्होंने कहा, ये स्थान हमारी राष्ट्रीय एकता और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतीक हैं। आज देश उन्हें समृद्धि के एक मजबूत स्रोत के रूप में भी देखता है। उनके विकास के माध्यम से हम एक बड़े क्षेत्र के विकास को उत्प्रेरित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 7 सालों में देश ने पर्यटन की संभावनाओं को साकार करने के लिए लगातार काम किया है।

यूपी चुनाव में कांग्रेस की ओर मेरे अलावा कोई दूसरा चेहरा दिख रहा आप लोगों को - प्रियंका गांधी वाड्रा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी को लेकर शुक्रवार को तस्वीर साफ हुई है।कांग्रेस मुख्यालय में उत्तरप्रदेश के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र जारी करने के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा ने खुद के बारे में कयासों को विराम दे दिया। मुख्यमंत्री चेहरा के बारे में पूछने पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने स्पष्ट कहा कि क्या आपको उत्तरप्रदेश में कांग्रेस पार्टी की तरफ से किसी और का चेहरा दिख रहा है। मेरा चेहरा हर जगह दिख रहा है।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी काफी अच्छा प्रदर्शन करेगी। जहां तक मुख्यमंत्री पद के चेहरे के बारे में सवाल है, तब मेरा ही चेहरा सबसे अधिक दिख रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव तथा उत्तरप्रदेश की कांग्रेस की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि पंजाब में हमारी पार्टी के सभी नेता सामूहिक रूप से पार्टी को दोबारा सत्ता में लाने के प्रयास में जुटे हैं। उत्तराखंड में भी परिणाम हमारे पक्ष में आने वाले हैं। उत्तरप्रदेश में हमारी पार्टी के प्रत्याशी काफी अच्छा चुनाव लड़ने वाले हैं। जिससे कि लोगों को कुछ अप्रत्याशित परिणाम भी देखने को मिलेगा।

सुरक्षा एजेंसिया सतर्क, पाकिस्तान से घुसपैठ की योजना बना रहे आंतकी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों पर सुरक्षाबलों के बढ़ते शिकंजे से आहत आतंकी अपनी गतिविधियों को जम्मू व कश्मीर घाटी में बढ़ाने के लिए सीमा पार पाकिस्तान से घुसपैठ की योजना बना रहा है। लश्कर-ए-तैयबा और अल-बदर के आतंकवादियों की सीमा पार बिंबर गली में गतिविधियां भी देखी गई हैं। खुफिया एजेंसी ने इन आतंकी मंसूबों के बारे में जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना को सूचित किया है। खुफिया एजेंसी ने बताया है, कि लश्कर-ए-तैयबा के कम से कम सात और अल बदर के पांच आतंकवादी पीओके में स्थित दो अलग-अलग इलाकों से जम्मू-कश्मीर में घुसने की कोशिश कर रहे हैं। अलर्ट में विशेष रूप से कहा गया है कि पीओके में एक जगह से लश्कर-ए-तैयबा के उग्रवादी लांच पैड कमांडर की मदद से घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं। जबकि अल बदर के पांच आतंकवादी बालाकोट से घुसपैठ की तैयारी में हैं। पुंछ जिले में स्थित बिंबर गली की ओर से इनकी घुसपैठ कराने के लिए स्थानीय गाइड की मदद ली जा रही है।

पिता की स्वअर्जित व विरासत में मिली संपत्ति पर बेटियों का भी हक

नई दिल्ली। संपत्ति विरासत पर सुप्रीम कोर्ट का एक अहम निर्णय आया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि बिना वसीयत के मरने वाले पिता की स्व अर्जित संपत्ति में बेटियां भी हकदार होंगी। बेटियों को परिवार के दूसरे सदस्यों जैसे मरने वाले पिता के भाइयों के बेटे और बेटियों पर वरीयता मिलेगी। यह फैसला हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत हिंदू महिलाओं और विधवाओं के संपत्ति अधिकारों से संबंधित है। तमिलनाडु के परिवार की बेटियों के बंटवारे के मुकदमे को खारिज करने वाले मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के अपील पर यह फैसला आया है। जस्टिस अब्दुल नजीर और जस्टिस कृष्ण मुरारी की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने कहा कि वसीयत के बिना मरने वाले किसी हिंदू पुरुष के मृत्यु के बाद उनकी संपत्ति चाहे वह स्व-अर्जित हो या पारिवारिक संपत्ति की विभाजन में मिली हो उत्तराधिकारियों के बीच वितरण होगा। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने यह भी कहा कि हिंदू पुरुष की बेटी मरने वाले पिता के अन्य संबंधियों (जैसे भाइयों के बेटे-बेटियों) के साथ वरीयता में संपत्ति की उत्तराधिकारी होने की हकदार होंगी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ किसी दूसरे कानूनी उत्तराधिकारी के ना होने के वक्त में बेटी को अपने पिता की स्व-अर्जित संपत्ति को लेने के अधिकार से जुड़े एक कानूनी मुद्दे पर गौर कर रहा था। जस्टिस कृष्ण मुरारी ने 51 पन्नों का फैसला लिखते हुए इस सवाल पर भी गौर किया कि क्या ऐसी भी कोई संपत्ति बेटी को पिता की मृत्यु के बाद मिलेगी जिनकी वसीयत तैयार किए बिना मृत्यु हो गई हो और उनका कोई दूसरा उत्तराधिकारी न हो।

केजरीवाल सरकार डीटीसी बसों को बेच रही है: आदेश गुप्ता

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने केजरीवाल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार डीटीसी बसों को बेचने का काम कर रही है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता को सपने दिखाने और झूठे वादे करने की सबसे बड़े सौदागर हैं। उन्होंने कई वायदे तो किये लेकिन वह चुनावी जुमला बनकर रह गया। कभी उसे पूरा करने की जहमत नहीं उठाई। डीटीसी बसों की जर्जर स्थिति कर दिल्ली की परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह से बर्बाद करने का काम पिछले 7 सालों में केजरीवाल सरकार ने किया है। आज नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में श्री गुप्ता ने कहा कि 7 साल पहले जब केजरीवाल ने सत्ता संभाली थी तब दिल्ली में डीटीसी बसों की संख्या पूरे 6500 थी और उस समय इन्हें उतनी बसें कम लग रही थी तो केजरीवाल ने वायदा किया था कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आती है तो 11000 नई डीटीसी की बसें और इलेक्ट्रिक बसें देंगे लेकिन आज 7 साल बाद की स्थिति यह है कि उन बसों की संख्या सिर्फ 3760 बच गई हैं। एक आरटीआई के तहत इस बात का खुलासा हुआ है कि केजरीवाल सरकार ने पिछले 7 सालों में बसें खरीदने की जगह 2000 से ज्यादा बसे बेच दी है।

श्री गुप्ता ने कहा कि जब बसों की संख्या 6500 से 3760 हो गई है तो बाकी के बसों के ड्राइवर और कंडक्टर कहाँ गये? उनके लिए सरकार ने क्या किया? उसका ब्यौरा सरकार को देना चाहिए। जबकि आज दिल्ली में पूरे 15000 बसों की जरूरत है। साथ ही डीटीसी के कर्मचारियों की सैलरी उतनी ही जा रही है। उसमें किसी प्रकार की कमी नहीं हुई है। ऐसा तो नहीं कि केजरीवाल सरकार के मंत्री उन सभी बसों के ड्राइवर एवं कंडक्टर के पैसे अपनी जेब में भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2 नवंबर 2018 को 'आप' द्वारा एक ट्वीट करके कहा गया कि आज इलेक्ट्रॉनिक बस का फ्लैग ऑफ परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत द्वारा किया गया जबकि 17 जनवरी 2022 को अरविंद केजरीवाल दिल्ली वालों को पहली इलेक्ट्रॉनिक बस का उद्घाटन करते हुए बधाई देते हुए एक ट्वीट किया। जब 2018 में इलेक्ट्रॉनिक बस का फ्लैग ऑफ गहलोत जी द्वारा कर दिया गया तो 2022 में अरविंद केजरीवाल दिल्ली को पहली इलेक्ट्रॉनिक बस क्यों देने लगे। प्रेस वार्ता में मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल, प्रवक्ता हरीश खुराना एवं खेमचंद शर्मा उपस्थित थे। श्री गुप्ता ने कहा कि आज दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने दिल्ली को प्रदूषण युक्त प्रदेश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

सीएम चन्नी और सिद्धू की लड़ाई पंजाब में कांग्रेस के लिए परेशानी लेकर आई

चंडीगढ़। सीएम चरणजीत सिंह चन्नी की करीब 4 महीने पहले कांग्रेस ने पंजाब में ताजपोशी की थी,तब माना जा रहा था कि यह कांग्रेस का मास्टर स्ट्रोक साबित होगा है। दलित समुदाय से आने वाले चन्नी को सीएम बनाया जाना पार्टी की बड़ी पहल थी।पंजाब के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ था और तब आम आदमी पार्टी बैकफुट पर नजर आई थी। लेकिन यह कार्ड अब कमजोर होता दिख रहा है। एक तरफ नवजोत सिंह सिद्धू का रवैया उनकी छवि को कमजोर करता दिख रहा था,वहीं ईडी की ओर से उनके भतीजे भूपिंदर पाल सिंह के घर पर रेड ने रही-सही कसर पूरी कर दी है। इस रेड के बाद से अरविंद केजरीवाल ने उन पर हमले तेज कर दिए हैं।

सीएम चन्नी लगातार अपनी आम व्यक्ति होने की छवि पेश कर रहे थे। लेकिन इस रेड ने उनकी इस छवि पर सवाल जरूर खड़े किए हैं। दरअसल सिद्धू और कैप्टन अमरिंदर सिंह के बीच लंबी छिड़ी रार के बाद जब पूर्व सीएम को हटाया गया,तब माना जा रहा था कि आखिर अब सीएम कौन होगा। सिद्धू को लेकर राय बंटी हुई थी, जबकि सुनील जाखड़ जैसे चेहरे सिख न होने के कारण पिछड़ गए।फिर नाम आया चरणजीत सिंह चन्नी का,

जो सिख होने के साथ ही दलित समुदाय से भी आते थे। इससे कांग्रेस ने एक साथ दो वर्गों को साधने की संभावना देखी और उन्हें सीएम बना दिया। चन्नी के सीएम बनते ही पार्टी के आगे नई तरह की मुश्किलें आने लगीं। लंबी जद्दोजहद के बाद कैप्टन को सीएम पद से हटता देखने वाले सिद्धू ने इस बार भी मौका गंवा दिया और इसका मलाल उनके रवैये से साफ था।

दिल्ली में अभी लागू रहेगा वीकेंड कर्फ्यू

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना के कारण लागू वीकेंड कर्फ्यू फिलहाल जारी रहेगा।इसके साथ ही बाजार भी अभी ऑड-ईवन के फॉर्मूले पर ही खुलने वाले है। कोविड केस कम होने पर दिल्ली सरकार ने पाबंदियों को हटाने का प्रस्ताव रखा था।लेकिन उपराज्यपाल अनिल बैजल ने इन्हें मंजूरी नहीं दी है। हालांकि,दिल्ली में अब प्राइवेट दफ्तर 50 फीसदी स्टाफ के साथ फिर से खुल सकते हैं।

कैराना में कैंपेन की शुरुआत करेंगे अमित शाह

नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद पहली बार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश में किसी राजनीतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। अमित शाह शनिवार को पश्चिमी यूपी के कैराना निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में घर-घर प्रचार करेंगे। शाह राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में पार्टी के अभियान में अहम भूमिका निभा रहे हैं, वे इस दौरान शामली और बागपत में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी करेंगे। इसके बाद वे मेरठ में प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बातचीत करेंगे। अमित शाह द्वारा यूपी में अपने पहले कार्यक्रम के तौर पर कैराना को चुनना काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि बीजेपी नेताओं ने 2017 के विधानसभा चुनावों में आरोप लगाया था कि 2013 के मुजफ्फरपुर दंगों के बाद धमकियों के कारण बड़ी संख्या में हिंदुओं को इस क्षेत्र से पलायन करने के लिए मजबूर किया गया। दरअसल, पश्चिमी यूपी में खासकर मेरठ से सटे शामली जिले के कैराना कस्बे में मुस्लिमों के कथित डर से हिंदू परिवारों का पलायन एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। शामली और मुजफ्फरनगर जिले में 40 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम आबादी है। भाजपा के दिग्गज नेता और तत्कालीन प्रमुख गुर्जर नेता हुकुम सिंह ने भी पिछले 2017 के विधानसभा चुनावों के दौरान कैराना के हिंदुओं के पलायन का मुद्दा उठाया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अमित शाह दोनों ने इस मुद्दे पर खूब बात की है।

वन-टू-वन

हरभजन कोरोना संक्रमित हुए, लीजेंड्स लीग नहीं खेलेंगे

नई दिल्ली। दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। इस कारण हरभजन मस्कट में जारी लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में भाग नहीं ले पायेंगे। भज्जी के नाम से लोकप्रिय यह स्पिनर अभी अपने घर पर ही पृथकवास में है। पिछले माह ही खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले हरभजन में कोविड-19 के हल्के लक्षण हैं। हरभजन ने ट्वीट किया, ''कोविड के लिये मेरा परीक्षण पॉजिटिव आया है और मुझे हल्के लक्षण हैं। मैं घर पर ही पृथकवास पर हूं और हर तरह की जरूरी सावधानी बरत रहा हूं।'' उन्होंने आगे कहा, ''इसलिए मैं मेरे संपर्क में आने वाले लोगों से जल्द से जल्द अपना परीक्षण करवाने का अनुरोध करता हूं। कृपया सुरक्षित रहें और अपना ध्यान रखें।''

सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट : सिंधू और प्रणय क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

लखनऊ। भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। सिंधु ने महिला एकल के दूसरे दौर में अमेरिका की लॉरेन लैम को आधे घंटे में ही आसानी से 21-16, 21-13 से हरा दिया। सिंधु का मुकाबला अब क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त सुपानिदा केटेथोंग से होगा। वहीं पुरुष एकल से भारत के एचएस प्रणय भी जीत के साथ ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। प्रणय ने अपने ही देश के प्रियांशु राजावत को 21-11 16-21 21-18 से पराजित किया। प्रणय अब क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के अर्नाड मर्कल से खेलेंगे। मर्कल ने दूसरे दौर में भारत के ही कार्तिकेय गुलशन कुमार को 21-8 21-12 से हराया था।

हॉकी खिलाड़ियों को अब नहीं हटाने होंगे सुरक्षा उपकरण

लुसाने। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने खेल को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए इसमें बदलावों को अपनी सहमति दे दी है। इसके तहत पेनल्टी कार्नर का बचाव करने वाले खिलाड़ी गेंद के स्ट्राइकिंग सर्कल से बाहर जाने के बाद भी अपने सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर सकेंगे। वहीं अब तक पेनल्टी कार्नर का बचाव करने वाले खिलाडियों को फ्लिक लिए जाने के तुरंत बाद सर्कल के अंदर अपने सुरक्षा उपकरण हटाने पड़ते थे। एफआईएच ने अपने नियम 4.2 में बदलाव किया है जो पेनल्टी कार्नर के लिए सुरक्षा उपकरणों को हटाने से जुड़ा हुआ था। एफआईएच के खेल निदेशक जॉन वायट ने कहा कि सुरक्षा उपकरणों को लेकर नियम 4.2 में बदलाव किया गया है। खिलाड़ी अब अपने सुरक्षा उपकरणों के साथ गेंद के साथ दौड़ना जारी रख सकते हैं पर उन्हें 23 मीटर क्षेत्र से बाहर निकलने पर उपकरण को तुरंत हटाना होगा। वायट ने कहा कि पेनल्टी कार्नर के लिए सुरक्षा उपकरण का उपयोग करते हुए कोई भी खिलाड़ी किसी

भी समय 23 मीटर क्षेत्र के बाहर नहीं खेल सकता है। इसे खिलाडियों की सुरक्षा के लिये लाया गया है जिससे खिलाड़ी खेल पर अधिक ध्यान दे सकें और उन्हें दबाव के हालातों में उपकरण नहीं हटाना पड़े। उन्होंने कहा कि भुवनेश्वर में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में इसका 'ट्रायल' किया गया था जिसमें प्रशिक्षकों, खिलाडियों और अधिकारियों ने इन बदलावों का समर्थन किया था।

पहली बार स्पिनर की गेंद पर शून्य पर आउट हुए विराट

पार्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली यहां दक्षिण अफ्रीका के साथ यहां खेले जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में विफल रहे और खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। यह पहली बार है जब विराट किसी स्पिनर की गेंद पर शून्य पर आउट हुए हैं। विराट ने सीरीज के पहले एकदिवसीय मैच में शानदार अर्धशतकीय पारी खेली थी पर इस मैच में उन्होंने प्रशंसकों को निराश किया। स्पिनर केशव महाराज की गेंद पर दक्षिण अफ्रीकी कप्तान तेंबा बावुमा ने विराट का कैच पकड़ा। विराट अपने एकदिवसीय करियर में 14वीं बार शून्य पर आउट हुए हैं। साल 2019 के बाद पहली बार विराट कोहली एकदिवसीय क्रिकेट में शून्य पर आउट हुए हैं। विराट ने पहले एकदिवसीय में 51 रनों की पारी खेली थी। वह पिछले दो साल से अपने 71वें अंतरराष्ट्रीय शतक का इंतज़ार कर रहे हैं पर है पर हर बार उन्हें निराशा का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वह अर्धशतक से आगे बढ़ पर शतक के करीब आकर आउट हो गये।

हॉग ने विराट को खेल का सच्चा एम्बेसडर बताया

सिडनी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर ब्रैड हॉग ने हाल ही में भारतीय टेस्ट टीम की कप्तान छोड़ने वाले बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा की है। हॉग ने खेल के प्रति विराट के समर्पण की तारीफ करते हुए कहा है कि वह खेल के एक सच्चे एम्बेसडर हैं और उन्हें भारत के कप्तान के रूप में आगे बढ़ने के लिए याद किया जाएगा। शाबाश विराट कोहली, आपने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अगला कप्तान ठीक है उसके पास देने के लिए बहुत कुछ है। उनके पास इस जगह को भरने के लिए बड़ी जगह है। साथ ही कहा कि विराट की एक चीज जो मुझे पसंद है।

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

सेंसेक्स 59,037 , निफ्टी 17,617 पर बंद

एक सप्ताह में निवेशकों के 8.70 लाख करोड़ डूबे

मुंबई। मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में यह गिरावट दुनिया भर से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों बजाज फिनसर्व, एल एंड टी और इन्फोसिस आदि के शेयरों के नीचे आने से आई है। बाजार जानकारों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार पूंजी निकालने से से भी कारोबारी धारणा पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 427.44 अंक

करीब 0.72 फीसदी की गिरावट के साथ ही 59,037.18 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 139.85 अंक तकरीबन 0.79 फीसदी फिसलकर 17,617.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में कुछ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली (खरीददारी) से बाजार की गिरावट पर अंकुश लगा है। हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति सुजुकी, एचडीएफसी और नेस्ले इंडिया के शेयर लाभ में रहे जबकि बजाज फाइनेंशियल सर्विसेज, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील और भारती एयरटेल के शेयरों को नुकसान हुआ। बजाज फिनसर्व में सबसे ज्यादा 5.37 फीसदी की गिरावट रही। इसके अलावा टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, भारतीय एयरटेल, एल एंड टी, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और इन्फोसिस के शेयर भी गिरे हैं। वहीं दूसरी ओर एचयूएल, मारुति, एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक और टीसीएस के शेयर लाभ में रहे।इनमें 2.68 प्रतिशत तक की तेजी रही। इस सप्ताह के अंदर ही सेंसेक्स में करीब 2200 अंकों की गिरावट दर्ज की गई है। आज की गिरावट के बाद कंपनियों का मार्केट कैप घटकर 269.85 लाख करोड़ रुपए रह गया। वहीं पिछले सप्ताह बीएसई का मार्केट कैप 278.54 लाख करोड़ रुपए था।

रानी का ताल मिट्टी से पुरवाया तो रहवासी होने लगे परेशान

अपने-अपने चबूतरे पर गिट्टी-मिट्टी डालकर किया ऊंचा आवागमन ठप्प

भिण्ड। अटेर रोड रानी का ताल निवासी आज कल कलेक्ट्रेट के चक्कर काट रहे हैं काटें भी क्यों नहीं क्योंकि गलती जो की है उसे तो भुगतना ही पड़ेगा। बता दें कि अटेर रोड रानी का ताल निवासीगणों का पानी पहले उसी ताल में जाता था लेकिन अतिक्रमणकारी और भूमाफियाओं ने रानी के ताल को गिट्टी-मिट्टी से पुरवाकर उस पर कब्जा कर लिया और चारों तरफ मकान बना लिए। लेकिन धीरे-धीरे जब यह ताल पूरी तरह बंद हो गया तो रहवासियों को घरों से निकले पानी समस्या सताने लगी क्योंकि जो पानी अब तक ताल में जाता था वह सड़क पर चलने लगा। समय के साथ लगातार समस्या बढ़ती गई तो नगरपालिका द्वारा एक अस्थायी सोख्ता बनवा दिया गया लेकिन वह भी ज्यादा दिनों तक नहीं चला धीरे-धीरे सोख्ता भर गया और घरों का पानी गलियों पर भरने लगा तो रहवासियों ने अपने-अपने घरों के दरवाजे पर मिट्टी-गिट्टी डालकर चबूतरा ऊंचा करने लगे। जिससे घरों पर भरना अभी बंद है लेकिन गलियां तालाब बन गई और राहगीरों का निकलना ठप्प हो गया। लोग पैदल किनारे होते हुए आवागमन कर रहे हैं। जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आने वाली वर्षाऋतु में पानी ओवरफ्लो होकर घरों में भरेगा और पुनः समस्या उत्पन्न होगी।

कुछ घर पानी में डूबने की कगार पर

रानी का ताल की वर्तमान स्थिति भी भयावय है तालाब बनी सड़कों का पानी ओवरफ्लो होकर दरवाजों में टकराने लगा है लोग अपने घरों के बाहर ईंट रखकर मुडगारी बना रहे हैं जिससे पानी अंदर ने घुसे। जितने भी घर निचले स्तर पर बने हैं वह सभी गृहस्वामी अपने घरों के बाहर खड़े होकर पानी न भरने की जद्दोजहद करते रहते हैं लेकिन पानी रूकने का नाम नहीं ले रहा।

सफाई कर्मचारियों का शोषण बंद कर, कलेक्टर रेट से वेतन का भुगतान किया जाए : एडवोकेट गुड्डू वाल्मीकि

भिण्ड। नगर परिषद अकोड़ा में सफाई कर्मचारीयों एवं अन्य जलप्रदाय, फायर ब्रिगेड आदि कर्मचारीयों की समस्यायों के निराकरण के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सीएमओ रामबान सिंह भदौरिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुड्डू संजय वाल्मीकि ने बताया है कि नगर परिषद अकोड़ा में सफाई कर्मचारीयों को 8275/- रूपये वेतन का भुगतान किया जा रहा है जबकि श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं कार्यालय कलेक्टर भिंड द्वारा जारी न्यूनतम मजदूरी दर 8800/- रूपये है इस सम्बन्ध में समस्यायों के निराकरण के लिए यूनियन एवं सफाई कर्मचारीयों द्वारा सीएमओ एवं अन्य अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से पूर्व में अवगत कराया गया। लेकिन निकाय प्रशासन अकोड़ा के अधिकारियों की लापरवाही के कारण आज दिनांक तक सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का निराकरण नहीं हो पाया, जिससे सफाई कर्मचारीयों में रोष व्याप्त है। और जब सफाई कर्मचारी वेतन बढ़ाने की मांग करते हैं तो उनको परेशान कर कार्य से हटाने की धमकी दी जाती है । राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वाल्मीकि कहा है सरकार की ढील के कारण अकोड़ा के साथ सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में सफाई कर्मचारीयों की स्थिति दयनीय है अगर सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया है तो उच्च अधिकारियों से शिकायत कर वैधानिक कार्वाई की मांग की जाएगी । इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव रूपेश पाथरे, राजेंद्र, जितेंद्र, अजीत, अखिलेश, विजय कुमार, मिथुन, अनिल, अजय , शिवम, सोनू, कुलदीप, रामबाबू आदि सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

जहरीली शराब कांड से हुई 4 लोगों की मौत पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष का भिण्ड कलेक्टर पर बार

भिण्ड। बीते दिनों इंदुर्खी गांव में हुई जहरीली शराब पीने से 4 लोगो की मौत के मामले में भिण्ड कलेक्टर ने ग्रामीणों ओर परिजनों को दिया था गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम को शिविर लगाने का आश्वासन दिया, मामले की जानकारी लेने पहुंचे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने जब गांव में पीड़ित परिजनों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि यहां तो कोई टीम नहीं आई, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने भिंड कलेक्टर के खिलाफ दिया बयान बोले आप शिवराज सिंह से भी बड़े घोषणा वीर बनना चाहते हो क्या? कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बोले कलेक्टर पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर दो दिन में टीम नहीं आई तो भिंड कलेक्टर अपने चेंबर में नहीं बैठ पाएंगे।

धर्मेन्द्र मिश्रा बने लोकतंत्र प्रहरी संघ ग्वालियर संभाग के संयोजक

आलमपुर। लोकतंत्र सेनानी संघ मध्यप्रदेश के अध्यक्ष तपन भौमिक की अनुमति से लोकतंत्र प्रहरी संघ मध्यप्रदेश के उज्जैन, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर संभाग के संयोजकों की घोषणा की गई है। जिसमें धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा आलमपुर को ग्वालियर संभाग का संयोजक बनाया गया है। विदित हो कि धर्मेन्द्र मिश्रा लोक तंत्र सेनानी नवलकिशोर मिश्रा के पुत्र है मिश्रा की इस नियुक्ति से समूचे लहार क्षेत्र में खुशी की लहर है। मिश्रा ने अपनी नियुक्ति पर वरिष्ठ नेतत्व का आभार जताते हुये कहा कि संघ ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी उसकी पूरी लगन मेहमत से संघ की नीतियो को जन जन तक पहुचाने का कार्य करेंगे। श्री मिश्रा को बधाई प्रेषित करने वालो में मथुरा प्रसाद महंत पूर्व विधायक, कुलदीप कौरव मण्डल अध्यक्ष, देवेन्द्र उपाध्याय, अनित शर्मा एड, शिवनारायण कुचिया ,रामजी शुक्ला हरीश चन्द्र पाण्डेय सतीश उपाध्याय बृजभूषण मिश्रा आदि प्रमुख है।

जिला स्तरीय आनंद उत्सव 27 से 28 जनवरी 2022 के मध्य आयोजित

भिण्ड। अध्यात्म विभाग मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर जिला स्तरीय आनंदउत्सब 2022 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर के सभी इच्छुक नागरिकगण पुरुष एवं महिला अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं जिले के राजीव गांधी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में आनंद उत्सव में मुख्य रूप से स्थानीय तौर पर प्रचलित परंपरागत खेल कूद जैसे कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, चम्मच रेस, नींबू रेस, पिट्ठू, सितोलिया, बोरा रेस, चेयर रेस,आदि तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोकगीत, नृत्य, गायन ,भजन ,कीर्तन ,नाटक, आदि कार्यक्रम किए जाएंगे। यह जानकारी आनंद विभाग के जिला समन्वयक अधिकारी संजय पंकज ने दी। जिसमें जिले के सभी नागरिक गणों से पुरुष एवं महिला दोनों ही भागीदारी कर सकते हैं जो प्रथम, द्वितीय तृतीय चतुर्थी, स्थान पर आएगा उन्हें सर्टिफिकेट, और पुरस्कार देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

घर के बाहर बंधी पडिया, भैंस चोरी

भिण्ड। एंडोरी थाना क्षेत्र के ग्राम कैथौडा में घर के बाहर बंधी पडिया व भैंस को चोर लेकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों क विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विगत 17 जनवरी को शिवचरण सिंह गुर्जर निवासी कैथोडा की भैंस घर के बाहर बंधी हुई थी, जिसको चोरों ने निशाना बनाकर चोरी कर ले गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

21 क्वार्टर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

भिण्ड। गोहद थाना क्षेत्र के धमसा रोड पर स्थित मॉडल स्कूल के पास अवैध शराब की बिक्री हो रही थी, जिसकी सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तो अवैध शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार आकाश शर्मा पुत्र रामकिशुन शर्मा निवासी ग्राम भगवासा जो गुरुवार दोपहर 3.55 बजे क्षेत्र के धमसा रोड मॉडल स्कूल के पास शराब की बिक्री करते हुए दबोच लिया और उसके पास से 21 क्वार्टर शराब कीमत 1 हजार 470 रुपये जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

गमी में गया परिवार, चोरों ने चटकाए मकान के ताले

भिण्ड। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बंबा के किनारे रोड पर एक किराये के मकान को चोरों ने निशाना उस वक्त बनाया, जब परिवार को लोग मिहोना में किसी रिश्तेदार के यहां कोई खत्म हो गया था, जिसमें शामिल होने के लिए घर पर ताला डालकर गये तो चोरों ने उनके मकान में धाबा बोलकर नगदी, गहने पार कर दिये।

बिजली की अघोषित कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त, अधिकारी कर्मचारी नही उठाते फोन

मेहगांव। मेहगांव अघौषित बिजली कटौती के नाम पर लोगों की दिनचर्या अस्त व्यस्त हो रही है। साथ ही गलन पैदा करने बाली सर्दी से लोगो का घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। वही बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी बिजली कटौती कर लोगो को परेशानी मे डालने का काम कर रहे है। कडाके की सर्दी मे बिजली कटौती होते ही नलो मे पानी आना स्वतः ही समाप्त हो जाता है, लोग बूंद बूंद पानी के लिये भटकते रहते है। नहाना धोना मुश्किल पानी पीने तक के लिये नशीव होना मुश्किल हो जाता है। मगर बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपनी हटधर्मी तानाशाही से वाज नही आते। बिजली विभाग के तानाशाह रवैया से आमजन इतना त्रस्त हो चुका है कि अब म.प्र. सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराने पर आ गया कि मेहगांव की जनता व्दारा सदैव भाजपा को भारी बहुमत से बिजयी बनाने का यही सिला मिला है कि बिजली के नाम पर हाहाकार मचा है और आपकी सरकार के मंत्री और बिधायक कोई सुनने को तैयार नही, जब से डीई अंकुर गुप्ता ने मेहगांव बिजली आफिस मे आमद दी है उसके बाद मेहगांव क्षैत्र की जनता को बिजली सप्लाई मे कमी और बिजली बिल बढौतरी के नाम पर दिन प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है। हर रोज शिकायतों के बाबजूद भी बिजली विभाग अपने आचरण मे बदलाव लाने को तैयार नही है। न सरकार मे बैठे जनप्रतिनिधियों व्दारा जनता की इस भीषण समस्या के बारे मे कोई बात की है मेंहगांव के आमजन की जीवन राम भरोसे चल रहा है।

इनका कहना है

1. नगर मे अघोषित बिजली कटोती से हम आमजन इतने त्रस्त हो चुके हे कि बिजली का पता नही कब चली जाऐ बिजली न होने से नलो मे पानी नही आता हम लोगो को पानी के लिये हैडपंप पर जाना पडता है हैडपंप पर इस भीषण सर्दी मे महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों को पानी लाने मे बहुत परेशान होना पडता है।

राजेश व्यास स्थानीय निवासी

2. भीषण सर्दी मे लोग बूंद बूंद पानी के लिये परेशान होते रहते है पानी के अभाव मे लोगो की दिनचर्या ही बिगड जाती है किसी को आफिस जाना किसी को दुकान पर जाना है वह अपना पूरा समय इसी झमेले मे खो देता है समय पर अपना काम करे तो कैसे करे कयी बार शिकायत कर चुके मगर कोई सुनने बाला नही है।

सहकारिता मंत्री ने अटेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत दीनपुरा में करोड़ रुपए के लागत के कई निर्माणकार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

भिण्ड। मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का भाव विकास और प्रगति सेवा का हमेशा से रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के अंत्योदय के साथ अंतिम छोड़कर खड़े व्यक्ति को आगे की पंक्ति में खड़ाकर उसको विकास जन कल्याण योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर की दिशा में जोड़ रही है। यह उद्गार उन्होंने अटेर विधानसभा क्षेत्र के अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तीसरे दिन ग्रामीण क्षेत्रों में जनसभाओं एवं विकास कार्यों के लोकार्पण भूमि पूजन कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने ग्राम पंचायत दुल्हागन में 1 करोड़ 62 लाख 41 हज़ार की लागत के 2 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। मंत्री डॉ भदौरिया ने यहाँ 1 करोड़ 42 लाख से अधिक की लोकनिर्माण विभाग की सड़क एवं 20 लाख की लागत के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ग्राम पंचायत सकराया में 22 लाख 65 हज़ार की लागत के दो निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।मंत्री डॉ भदौरिया ने यहाँ 14 लाख 85 हज़ार की लागत के पंचायत भवन का लोकार्पण एवं 7 लाख 80 हज़ार की लागत के आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने ग्राम पंचायत गजना में 9 लाख 60 हज़ार की लागत की दो सीसी रोड निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने ग्राम पंचायत मटघाना में 65 लाख 46 हज़ार की लागत के 5 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।मंत्री डॉ भदौरिया ने यहाँ 24 लाख 79 हज़ार की लागत की सुदूर सम्पर्क सड़क,14 लाख 44 हज़ार की लागत के पंचायत भवन, 3 लाख 43 हज़ार की लागत के सामुदायिक स्वच्छता परिसर, 15 लाख की लागत से नाले के निर्माण एवं 7 लाख 80 हज़ार की लागत के आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया। सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने एमजेएस महाविद्यालय में संचालित संकल्प कोचिंग में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षाओं के मूलमंत्रों से अवगत कराया।

कार्यालय नगर परिषद मालनपुर जिला – भिण्ड (म.प्र.)

क्रमांक/2022/121 — मालनपुर, दिनांक 20.01.2022

अधिसूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर परिषद मालनपुर के समस्त 15 वार्डो में घर–घर से कचरा संग्रहण किया जा रहा है। नगर के सभी नागरिकों से अनुरोध है कि अपने घरो दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में कचरे का पृथक्कीकरण कर गीले कचरे को हरे डस्टबीन में व सूखे कचरे को नीले डस्टबीन में एकत्र कर कचरा वाहन में अलग–अलग ही डाले तथा खतरनाक अपशिष्ट (सेनेटरी पैड, दवाईयां आदि) कचरा वाहन में लगे थर्ड बॉक्स में ही डालें। घरों दुकानों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे व निर्माण कार्य से निकलने वाले मलबे को सडक पर डालने पर, जल संरचनाओं, तालाबों, नाली, नालों, मार्ग, खाली प्लाट आदि स्थानों पर ना डाले, तथा पॉलिथीन की थैलियों का उपयोग, क्रय, विक्रय या भंडारण करते पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नगर परिषद मालनपुर द्वारा अर्थदण्ड अधिरोपित किया जावेगा जो निम्नानुसार है

क्र.	कार्यवाही विवरण	प्रथम बार करने पर जुर्माना राशि	पुनः करने पर जुर्माना राशि
1	निर्माण एवं विध्वंष कार्य से निकलने वाले मलबे को सडक पर डालने पर 1. निकाय के वाहन से उठाने पर प्रति ट्रॉली शुल्क 2. अन्य वाहन से उठाने पर प्रति ट्रॉली दण्ड	 500/– 300/–	 550/– 350/–
2	निकाय स्थित नाला, नाली, कुए, तालाब एवं अन्य जल स्त्रोत में कचरा डालने पर	100/–	125/–
3	डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में गीले एवं सूखे कचरे का पृथक–पृथक नहीं देने पर	10/–	15/–
4	नगर में पॉलिथीन या प्लास्टिक की थैलियों का क्रय/विक्रय एवं भंडारण करते पाया जाता है तो उस पर	500/–	550/–
5	आवारा/पालतू पशुओं को सड़क पर छोड़कर गंदगी करने पर एवं मार्ग पर घूमते पाए जाने पर	500/–	550/–
6	थोक कचरा उत्पादको (50 किलो से अधिक) द्वारा कचरो निष्पादन स्वयं नहीं करने पर, प्रतिदिन।	500/–	550/–
7	खुले में कचरा जलाने पर	50/–	100/–
8	सार्वजनिक स्थलों पर शौच व पेशाब करने पर	10/–	20/–
9	शौचालय का गंदा पानी/मलबा खुले में छोड़ने पर	500/–	550/–
10	सार्वजनिक स्थलों, मार्गो पर थूकने पर	20/–	25/–
11	खुले में मार्ग, खाली प्लाट, नाली आदि में कचरा फेकने पर	10/–	20/–
12	सफाई कर्मचारियों द्वारा झाडू लगाने के उपरान्त एकत्रित कचरे को निकाय स्थित नाला, नाली, कुंए, तालाब एवं अन्य जल स्त्रोत/खुले में डालने/फेकने पर	20/–	50/–
13	व्यवसायिक दुकानों/संस्थानों द्वारा झाडू लगाने के उपरान्त एकत्रित कचरे को दुकानों के आस–पास कचरा फेंकने एवं गंदगी करने पर	100/–	200/–

क्र.	कार्यवाही विवरण	उपयोग शुल्क
1	डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण, संग्रहण एवं परिवहन हेतु	1/– प्रतिदिन

नोट–1 सुखा एवं गीला कचरा अलग–अलग डस्टबीन में ही रखें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मालनपुर मिण्ड

सपा को झटका

मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव अब भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। विधानसभा चुनाव से पहले यादव परिवार की बहू का भाजपा में शामिल होना अखिलेश यादव के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। अपर्णा के भाजपा में जाने का सियासी लिहाज से भले ही सपा पर कोई बड़ा असर ना हो, लेकिन परिवार में इस टूट ने छवि की लड़ाई में अखिलेश को पीछे धकेल दिया है। हालांकि, अखिलेश ने अपर्णा के भाजपा में शामिल होने पर उन्हें बधाई दी। कुछ दिनों पहले भाजपा सरकार के मंत्रियों और विधायकों को तोड़कर अखिलेश ने जो संदेश देने की कोशिश की थी, अब उससे बड़ा संदेश भाजपा ने यादव परिवार को तोड़ कर दे दिया है। अपर्णा के भाजपा में शामिल होने के बाद एक बार फिर परिवार की लड़ाई घर की दहलीज पार कर बाहर आ गई है। अखिलेश सरकार के कार्यकाल के अंतिम दिनों जिस तरह परिवार में कलह मची और परिवार बिखरा उसका असर चुनावी नतीजों में दिखाई दिया था। एक बार फिर 2022 विधानसभा चुनाव से पहले मुलायम परिवार में टूट के बाद उस समझौते की चर्चा हो रही है, जो परिवार को एक रखने के लिए करीब 16-17 साल पहले हुआ था। पिछले ही सप्ताह लखनऊ में आईपीएस अधिकारी असीम अरुण के साथ उनकी भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की खबरें आने लगी थीं, लेकिन तब अपर्णा यादव के नजदीकी लोगों ने इससे इनकार कर दिया था, लेकिन उनकी बातचीत भारतीय जनता पार्टी से चल रही है, इसमें किसी को शक नहीं था, क्योंकि अपर्णा यादव जिस लखनऊ कैंट सीट से टिकट की दावेदार हैं वहां की उम्मीदवार रहीं रीता बहुगुणा जोशी की नाराजगी की खबरें लगातार मीडिया में आ रही थीं। हालांकि अपर्णा यादव की भारतीय जनता पार्टी और योगी आदित्यनाथ की नजदीकी की चर्चा पहले भी होती रही है। दूसरी ओर अपर्णा यादव लखनऊ कैंट सीट को लेकर अपनी दावेदारी मजबूती से रखती रही हैं। इस सीट से अपर्णा यादव के लगाव का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जब 2017 में अखिलेश यादव ने मुलायम सिंह यादव और शिवपाल सिंह यादव से अलग रास्ता लिया तो भी उन्होंने लखनऊ कैंट से अपर्णा यादव को उम्मीदवार बनाए रखा था। तब कहा जा रहा था कि मुलायम सिंह यादव ने उन्हें उम्मीदवार बनाने का फैसला लिया था और पिता के प्रति नरमी दिखाते हुए अखिलेश ने उनका टिकट बनाए रखा था। अखिलेश ने ना केवल उन्हें टिकट दिया बल्कि उनके क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया, हालांकि इन सबके बाद भी अपर्णा यादव चुनाव लगभग 34 हजार मतों से हार गई थीं। 2022 के चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के अंदर भी उनकी दावेदारी इस बार मजबूत नहीं मानी जा रही थी। 3.15 लाख मतदाताओं वाली इस सीट पर 60 हजार ब्राह्मण हैं, 50 हजार दलित, 40 हजार वैश्य और 30 हज़ार पिछड़े वर्ग के मतदाता। इस सीट से समाजवादी पार्टी ने कभी चुनाव भी नहीं जीता है और यह भाजपा की गढ़ माने जाने वाली सीट है। इस लिहाज से देखें तो अपर्णा यादव के भाजपा में आने से अपर्णा यादव को ज्यादा फायदा होता दिख रहा है। अपर्णा यादव अब तक अखिलेश यादव को लेकर सार्वजनिक तौर पर सम्मान से पेश आती रही हैं, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह राजनीतिक घमासान में अखिलेश यादव पर किस तरह के हमले करती हैं। वैसे अपर्णा यादव खुद भी राजनीतिक तौर पर अपनी महत्वाकांक्षा समय-समय पर जाहिर करती रही हैं। वह सार्वजनिक मंचों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर चुकी हैं।

परमात्म अनुभूति कराते थे ब्रह्मा बाबा!

डा0श्रीगोपालनारसन एडवोकेट

ब्रहमाबाबा जिनका वास्तविक नाम दादा लेखराज था,ने देश ही नही दुनिया को ईश्वरीय अनुभूति का बोध कराया। विकारो से घिरी इस दुनिया को सत्कर्मो के द्वारा संवारने की शुरूआत ब्रह्माबाबा ने सबसे पहले अपनी जन्मभूमि हैदराबाद सिंध जो अब पाकिस्तान में है, से सन 1936 में की थी। परमात्म मिशन चलाने के लिए उन्होंने ओम मण्डली नाम से एक ट्रस्ट बनाकर अपनी समस्त सम्पत्ति जो उस समय भी लाखों रुपयों की थी,उस ट्रस्ट में निहित कर दी थी। इस ट्रस्ट में वे भी कभी ट्रस्टी नही रहे,केवल नारी शक्ति के नेतृत्व को ही उनके द्वारा स्वीकारा गया।यानि नारी शक्ति को इस आध्यात्मिक मिशन का नेतृत्व सौंप कर उन्होंने यह सिद्ध किया कि आधी आबादी भी देश और समाज का ही नही अध्यात्म का भी नेतृत्व कर सकती है।इसी सोच के चलते यह संस्था आज दुनिया के 140 देशों तक नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों की प्रचार प्रसार करने में सफ़ल रही है। 5 मई सन 1950 को पाकिस्तान से भारत के आबू पर्वत पर स्थानान्तरित हुई यह संस्था अब प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रूप में भारत भूमि से संसार भर को शान्ति का पैगाम देने का काम कर रही है।यह संस्था एक जीवन्त सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों की प्रयोगशाला कही जा सकती है। जिसके माध्यम सें विश्व के नवनिर्माण व चरित्र निर्माण का कार्य बड़ी तेजी के साथ हो रहा है।आज भी मधुरता व वैराग्य के इस अनूठे संगम स्थल पर आकर देश विदेश के आध्यात्मिक जिज्ञासु सहज ही आकर्षित हो जाते है।ब्रहमाकुमारीज संस्था की सोच है कि महान आत्मा बनने के

लिए आत्मिक शक्तियों को पहचानने की आवश्यकता है, चूंकि जितना आत्मिक स्थिती का अभ्यास होगा उतनी ही बुद्धिस्थिर और शुद्ध होगी। आत्मिक व आणविक शक्तियों के समन्वय से एक सुखमय व शान्तिमय दुनिया की स्थापना ही ईश्वरीय विश्वविद्यालय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तभी तो आत्मा की शक्ति को पहचानने और उसके आत्म शान्त स्वरूप को समझने की सीख यहां बार-बार दी जाती है।यहां आध्यात्मिक व्याख्यान में बताया जाता है कि अब्राहम, पैगम्बर, क्राइस्ट, बुद्ध, महावीर स्वामी और शंकराचार्य धर्मात्माएं तो है किन्तु परमात्मा नहीं। क्योंकि परमात्मा वही है जो अजन्मा हो, निराकार हो, ज्योति स्वरूप हो। मुस्लिम धर्म में भी अल्लाह को नूर कहा गया है। तभी तो अल्लाह को नूर ए इलाही भी कहते है। जो हिन्दूओं के लिए दिव्य ज्योतिबिंदु है। इसी तरह क्राइस्टो के लिए लाईट ऑफ गॉड है। जो एक प्रकाश पुंज की तरह है। हजरत मूसा ने भी परमात्मा को ज्योति स्वरूप स्वीकारा है। तो गुरूनानक ने भी परमात्मा को एक ओंकार निराकार माना है। यानि धर्म कोई भी हो सबका मानना यही हैं कि ईश्वर, अल्लाह, गौड, वाहे गुरू सतनाम, रूप ज्योति बिन्दु है जो गुणों का सिन्धु है जो सत्यम शिवम सुन्दरम् है और जो पतित से हमें पावन बनाता है उसी परमात्मा से आत्मबोध कराने के लिए राजयोग का श्रेष्ठ मार्ग बताया गया है। 'परमात्मा' शब्द की व्याख्या करते हुए बताया गया कि जो सर्वमान्य हो, जन्म मरण से परे हो, जिनके माता- पिता-गुरू न हो, जो स्थिति, गुण, कर्तव्य में सदा परम हो और सर्वज्ञाता व सर्वदाता हो। दादा लेखराज यानि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा शिव परमात्मा के साकार माध्यम ब्रह्मा द्वारा उच्चारे हुए महावाक्यों के आधार पर जिनका आलौकिक और आध्यात्मिक पुनर्जन्म हुआ वे ही ब्रह्मा कुमारी और ब्रह्माकुमार कहलाये गए और उनके द्वारा स्थापित आध्यात्म आधारित शैक्षणिक संस्था को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नाम दिया गया।सन 1936 में शुरू हुई इस संस्था ने 1937 में आध्यात्मिक ज्ञान, मूल्य आधारित शिक्षा व सहज राजयोग की शिक्षा देने की दुनियाभर में शुरूआत की थी। इस संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी जगदम्बा सरस्वती थी। उनके बाद दादी प्रकाशमणि मुख्य प्रशासिका रही और फिर दादी जानकी के 104वर्षीय कन्धों पर इस विशाल संस्था

की मुख्य प्रशासिका की जिम्मेदारी का भार तब तक टिका रहा जब तक कि उन्होंने शरीर नही छोड़ दिया।वर्तमान में दादी रतनमोहिनी इस संस्था की मुख्य प्रशासिका है।ब्रह्माबाबा के समय ब्रह्माकुमारी और ब्रह्माकुमार की संख्या सैकड़ों में हुआ करती थी परन्तु आज यह संख्या लाखों में पहुंच गई है। दुनिया के 140देशों में अपनी साढ़े आठ हजार से भी अधिक शाखाओं में करीब 15 लाख विद्यार्थी प्रतिदिन आध्यात्मिक व नैतिक मूल्यों की शिक्षा ग्रहण करते हुए राजयोग का अभ्यास करते है।इस संस्था व यहां के राजयोगियो की स्वीकार्यता है कि परमात्मा एक है और वह निराकार एवं अनादि है। जो विश्व की सर्वशक्तिमान सत्ता है और ज्ञान का सागर है। परमात्मा विश्व की सर्व आत्माओं का निराकार माता-पिता है। परमात्मा के साथ सम्बन्ध की स्मृति और परमात्मा के प्रति प्रेम को राजयोग कहा जाता है। संस्था का सन्देश है कि राजयोग का अभ्यास साधक को आध्यात्मिक परिवर्तन की शक्ति प्रदान कर संस्कारवान बनाता है तथा उसका चारित्रारिक उत्थान होता है जिससे साधक को आध्यात्मिक परिवर्तन की शक्ति व सकारात्मक ऊर्जा मिलती है । जिससे साधक को आध्यात्मिक व शारीरिक लाभ मिलता है जैसे मानसिक तनाव से मुक्ति-नकारात्मक संकल्पों की समाप्ति और शिव बाबा में समर्पण की शक्ति प्राप्त होती है।यह संस्था साधक को सहनशीलता, धैर्य, नम्रता, मधुरता व संतुष्टि का पाठ पढ़ाती है और पुरूषार्थ की शिक्षा देती है। ईश्वरीय विश्वविद्यालय की इस शिक्षा को वैश्विक स्वीकृति तो मिलने के साथ ही संस्था की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी प्राप्त हुई। तभी तो प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय को संयुक्त राष्ट्र संघ ने एनजीओ के रूप में मान्यता देते हुए यूनीसेफ एवं आर्थिक व सामाजिक परिषद का परामर्शदाता सदस्य बनाया हुआ है। साथ ही संस्था को अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति पदक पुरस्कार समेत विभिन्न देशों के पांच राष्ट्रीय स्तर के शांति दूत पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। जो इस बात का प्रमाण है कि संस्था का ''ओउम शान्ति'' मन्त्र दुनिया भर को शान्ति का संदेश देने में सफल सिद्ध हो रहा है।बेहतर विश्व के लिए संस्था ने अकादमी नाम से उच्च शिक्षा प्राप्ति का आधुनिक संस्थान भी विकसित किया है। मूल्य-निष्ट शिक्षा के लिए यहां 20 प्रभाग बनाये गए है। जिनमें शिक्षा, समाजसेवा, व्यवसाय एवं उद्योग, कला एवं संस्कृति, खेल, ग्राम्य विकास, जनसंचार माध्यम, कानून, चिकित्सा, यातायात, सुरक्षा, धार्मिक, वैज्ञानिक एवं अभियन्ता, महिला, राजनीतिज्ञ, युवा विकास व प्रशासक सेवा प्रभाग शामिल है।जीवनकला, वैश्विक दृष्टिकोण, समकालीन नैतिक और सांस्कृतिक अभि संरचना के प्रगतिशील तत्वों पर आधारित अकादमी के पाठ्यक्रम बनाये गए है। जिसके माध्यम से समाज में हो रही गिरावट को रोकने की कौशिश की जा रही है। अकादमी का लक्ष्य है कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से एक सत्य एवं श्रेष्ठ समाज का निर्माण हो सके और मनुष्य में भौतिक, आध्यात्मिक एवं भावात्मक पक्षों का सुन्दर समन्वय हो। इस अकादमी में सकारात्मक चिन्तन, तनावमुक्ति, आत्म उत्थान, आध्यात्मिकता का अनुप्रयोग, स्वप्रबन्धन व नेतृत्व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 3 से 30 दिन तक की समय सीमा में पूरे कराये जाते है। शिव शक्तियों के केन्द्र माउण्ट आबू को शिव बाबा का घर भी कहा जाता है। बडी संख्या में दुनियाभर से लोग यहां आकर अध्यात्मिक शान्ति की अनुभूति करते है और जो एक बार यहां आता है,वह बार बार आने की कोशिश करता है या फिर यही का होकर रह जाता है।

क्या है कृष्णकर्म?

ऐसा कोई कार्य न करें जो कृष्ण से संबंधित न हो। कोई भले ही कितने ही कर्म क्यों न करे, किंतु उसे उनके फल के प्रति आसक्ति नहीं होनी चाहिए। यह फल तो कृष्ण को ही अर्पित किया जाना चाहिए। उदाहरणार्थ, यदि कोई व्यापार में मस्त है, तो उसे इस व्यापार को कृष्णभावनामृत में परिणत करने के लिए, कृष्ण को अर्पित करना होगा। यदि कृष्ण व्यापार के स्वामी हैं, तो इसका लाभ भी उन्हें ही मिलना चाहिए। यदि किसी व्यापारी के पास करोड़ों रुपए की संपत्ति हो और यदि वह इसे कृष्ण को अर्पित करना चाहे, तो वह ऐसा कर सकता है। यही कृष्णकर्म है। अपनी इंद्रियतृप्ति के लिए विशाल भवन न बनवाकर, वह कृष्ण के लिए सुंदर मंदिर बनवा सकता है, कृष्ण का अर्चाविग्रह स्थापित कर सकता है। यह सब कृष्णकर्म है। मनुष्य को अपने कर्मफल में लिप्त नहीं होना चाहिए, अपितु इसे कृष्ण को अर्पित करके बची हुई वस्तु को प्रसाद रूप में ग्रहण करना चाहिए। यदि कोई कृष्ण के लिए विशाल भवन बनवा देता है और उसमें कृष्ण का अर्चाविग्रह स्थापित कराता है, तो उसमें उसे रहने की मनाही नहीं होती, लेकिन कृष्ण को ही इस भवन का स्वामी मानना चाहिए। यही कृष्णभावनामृत है। किंतु यदि कोई कृष्ण के लिए मंदिर नहीं बनवा सकता तो वह कृष्ण-मंदिर की सफाई में तो लग सकता है, यह भी कृष्णकर्म है। मत्परम- शब्द उस व्यक्ति के लिए आता है जो अपने जीवन का परमलक्ष्य, भगवान कृष्ण के परमधाम में उनकी संगति करना मानता है। ऐसा व्यक्ति चंद्र, सूर्य या स्वर्ग जैसे उच्चतर लोकों में अथवा ब्रह्मांड के उच्चतम स्थान ब्रह्मलोक तक में जाने का इच्छुक नहीं रहता।

10 साल के होने से पहले जरूर सिखा दें ये गुण कौशल /हुनर

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

जीवन में कुछ हुनर होती हैं, जिसकी आदत बच्चों को बचपन से ही डाल देनी चाहिए। एक अच्छे माता पिता होने के नाते आप अपने 10 साल तक के बच्चे को यहां बताई जा रहीं जरूरी जीवन में हुनर सिखा सकते हैं।

जीवन कौशल जिसे लाइफ स्किल कहते हैं, विकास के साथ चलते हैं। ये लाइफ स्किल आपके बच्चे को जीवन में सफल होने में बहुत मदद करते हैं। इसलिए पैरेंट्स होने के नाते आपको अपने 10 साल तक के बच्चे को वो सभी स्किल्स की ट्रेनिंग देनी चाहिए, जो उसके लिए जरूरी है। स्किल्स ऐसी होनी चाहिए, जिसे वह अपने रूटीन में आसानी से शामिल कर सकें। बता दें कि बच्चे इन सभी कौशल को बचपन से ही सीख सकते हैं।

सामान्य भोजन तैयार करना सिखाएं: एक मां होने के नाते, जब भी आप किचन में खाना बनाएं तो अपने बच्चे को अपने साथ मदद के लिए खड़ा करें। उसे चाकू या कांटे का इस्तेमाल करना बताएं। आप बच्चे को रसोई में खुद से तैयार की जाने वाले डेजर्ट, केक और स्मूदी बनाना सिखा सकती हैं। 5 साल और इससे ज्यादा वर्ष के बच्चों को सैंडविच और स्मूदी बनाने का तरीका सिखाएं। जबकि 7 से 8 साल तक की उम्र का बच्चा मफिन्स, पिज्जा जैसे टोस्टर ओवन फेवरेट आजमा सकता है। 8-10 साल तक के बच्चे कप केक, ड्राय केक, कुकीज बेक करना यकीनन एन्जॉय करेंगे। कोरोना संक्रमण काल में जिसके पास यह हुनर /कौशल /सीख नहीं रही उन्हें लॉक डाउन के समय भोजन ,नाश्ता न मिलने से पराधीनता के कारण परेशां होना पड़ा था .जिनके पास सामग्री होने पर कौशल होने के कारण भोजन का आभाव नहीं सहन करना पड़ा।

वेब का से इस्तेमाल करना सिखाएं: आजकल बच्चे पहले से ज्यादा समय स्क्रीन पर बिता रहे हैं। इसमें कुछ नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है, ताकि वे डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सकें। इसलिए अपने बच्चे के लिए ऐसा पासवर्ड चुनें, जिसका अनुमान लगाना कठिन हो, इसे हमेशा निजी रखें। बच्चों को सिखाएं कि केवल उन लोगों के साथ चैट करें, जिन्हें आप वास्तिवक जीवन में जानते हैं। कभी भी फेसबुक या इंस्टाग्राम जैसे अकाउंट्स पर अपने नंबर , पता और व्यक्तिगत जानकारी न दें। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बच्चे को बताएं कि मुद्दा कोई भी हो, वे बेजिझक आपके पास आ सकते.आजकल व्हाट्सप्प /फेस बुक /मेस्सेंजर के माध्यम से बहुत छलावा होता या किया जा रहा हैं जिससे भविष्य में बहुत परेशानी का सामना करना होता हैं या पड़ता हैं।

कपड़े धोना सिखाएं: आज भी कॉलेज जाने वाले ऐसे बहुत से टीन्स हैं, जिन्हें कपड़े कैसे धोते हैं, नहीं पता। अपने बच्चे को इन बच्चों में से एक न बनने दें। जब बच्चे 6 या 7 साल के आसपास हो जाएं, तब पैरेंट्स होने के नाते आप उन्हें कपड़े धोने की ट्रेनिंग दे सकते हैं। अगर आप मशीन में कपड़े धोते हैं, तो उन्हें बताएं कि डिटर्जेंट का यूज कैसे करना है और मशीन का इस्तेमाल कैसे करना चाहिए। पुराने समय में मशीन न होने से सभी को अपने हाथों से कपड़ा धोना पड़ता था और यह एक कला हैं .इससे आत्मविश्वास के साथ अपने हाथों से तैयार किये गए कपडे पहनने का अलग मजा होता हैं .आजकल बिना क्रीज़ के कपडे पहनने का चलन न होने से और कपडे भी ऐसे आ रहे हैं जो हमेशा ताज़गी देते हैं ,परन्तु यह कौशल सीखना अनिवार्य हैं .जब बच्चे हॉस्टल या नौकरी में अकेले रहते हैं तब असुविधा महसूस करते हैं।

घाव का इलाज करना सिखाएं: अगर आप चाहते हैं कि आपका बच्चा घबराए नहीं, तो उसे घाव का इलाज करना सिखाएं। उसे बताएं कि यदि कट या खरोंच से खून बह रहा है, तो एक साफ कपड़े से उस क्षेत्र को तब तक दबाए रखें , जब तक की ब्लीडिंग रूक न जाए। कारण चोटों में पट्टी बांधना जरुरी हैं उस कारण संक्रमण से बच सकते हैं और उसमे क्या क्या सावधानिया रखनी चाहिए यह जानकारी होना भी जरुरी हैं .

गिफ्ट पैक करने की सीख दें: बच्चों को गिफ्ट देना जितना पसंद होता है उसे पैक करने में भी उन्हें बेहद मजा आता है। इसलिए अगर आपका बच्चा 10 साल की उम्र तक का है, तो आप उसे गिफ्ट पैक करना सिखा दीजिए।

मिग विमानों को ढ़ोते रहना क्यों है वायुसेना की मजबूरी?

योगेश कुमार गोयल

कुछ ही दिनों पहले राजस्थान के जैसलमेर जिले में सुदासरी नेशनल डेजर्ट पार्क के पास वायुसेना का एक लड़ाकू विमान 'मिग-21' गिर गया था, जिसमें पायलट विंग कमांडर हर्षित सिन्हा की मौत हो गई थी। दरअसल पायलट हर्षित सिन्हा ने अभ्यास के लिए उड़ान भरी ही थी कि तकनीकी खराबी के कारण हुई मिग विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। हालांकि वायुसेना द्वारा इस मिग हादसे के मामले की जांच की जा रही है लेकिन चिंता की बात यही है कि मिग-21 के साथ हुआ यह हादसा कोई पहला हादसा नहीं है बल्कि एक के बाद लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे पहले 25 अगस्त 2021 को भी प्रशिक्षण उड़ान के दौरान राजस्थान के बाड़मेर जिले के भूरटिया गांव में एक मिग-21 एक झोपड़ी पर जा गिरा था। विमान तो जल गया था लेकिन गनीमत थी कि पायलट बच गया था। 20 मई 2021 को भी पंजाब के मोगा जिले के लंगियाना खुर्द गांव के पास एक मिग-21 दुर्घटनाग्रस्त हुआ था लेकिन उस हादसे में उस मिग को उड़ा रहे स्क्वॉड्रन लीडर अभिनव चौधरी की मौत हो गई थी। वर्ष 2021 में दो और मिग-21 भी दुर्घटनाग्रस्त हुए थे, जिनमें एक पायलट बच गया था लेकिन दूसरे की मौत हो गई थी।

विड़म्बनाजनक स्थिति यह है कि पिछले विगत पांच दशकों में पांच सौ से भी ज्यादा मिग विमान हादसों के शिकार हो चुके हैं और इन दर्दनाक हादसों में हम अपने दो सौ से भी ज्यादा जांबाज पायलटों को खो चुके हैं। लगातार बढ़ रहे

मिग हादसों को लेकर करीब ढाई-तीन साल पहले तत्कालीन वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ ने इन विमानों के बारे में कहा था कि हमारी वायुसेना जितने पुराने मिग विमानों को उड़ा रही है, उतनी पुरानी तो कोई कार भी नहीं चलाता। उन्होंने कहा था कि भारतीय वायुसेना की स्थिति बिना लड़ाकू विमानों के बिल्कुल वैसी ही है, जैसे बिना फोर्स की हवा। उनके मुताबिक मिग विमानों को बनाने वाला देश रूस भी अब इनका इस्तेमाल नहीं करता। मिग-21 विमान लगातार गिर रहे हैं और वायुसेना इन हादसों की लगातार कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी कराती रही है। ऐसे में लगातार यह सवाल उठता रहा है कि फिर वायुसेना इन्हें ढ़ो क्यों रही है? बता दें कि वायुसेना को 1964 में पहला सुपरसोनिक मिग-21 विमान मिला था। भारत ने रूस से 872 मिग विमान खरीदे थे। इन विमानों ने 1971 के युद्ध और करगिल की लड़ाई सहित कई विपरीत परिस्थितियों में अपना लोहा मनवाया। बहुत पुराना होने के बावजूद फरवरी 2019 में पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान को गिराकर इसने अपनी सफलता की कहानियों में एक और अध्याय जोड़ दिया। भारतीय वायुसेना के पास इस समय मिग-21 के अलावा सौ से ज्यादा मिग-23, मिग-27, मिग-29 और 112 मिग बाइसन हैं। मिग बाइसन में एक बड़ा सर्च एंड ट्रैक रेडार लगा है, जिससे गाइडेड मिसाइल फायर होती है। अधिकतम 2230 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाले मिग विमान में दो हजार किलो तक गोला-बारूद ले जाया जा सकता है। यह केमिकल, क्लस्टर जैसे वॉरहेड भी प्रयोग कर सकता है और इसके कॉकपिट के बायीं ओर से 420 राउंड गोलियां बरसाने का भी इंतजाम है। मिग बाइसन अपग्रेड किए हुए मिग विमान हैं, इसलिए उनका इस्तेमाल जारी रहेगा। बाकी सभी मिग विमानों को चरणबद्ध तरीके से वायुसेना से बाहर किया जाना है।

रक्षा विशेषज्ञों की मानें तो मिग विमान 1960 और 70 के दशक की तकनीक से बने थे। सही मायनों में मिग विमानों को 1990 के दशक में ही सैन्य उपयोग से बाहर कर दिया जाना चाहिए था, क्योंकि इनकी उम्र दो दशक से ज्यादा समय पहले ही पूरी हो चुकी है। इनकी इतनी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं कि अब इन्हें 'हवा में उड़ने वाला ताबूत' भी कहा जाता है। मिग का न तो इंजन विश्वसनीय रहा और न इनसे सटीक निशाना लग पाता है लेकिन फिर भी हम इन्हें अपग्रेड कर इनकी उम्र बढ़ाने की कोशिश करते रहे हैं।

सूडोकु बवाल- 5960

★☆☆☆☆ सरल

5		9		8	3	2		
	2		4					8
3	8		5	2	6	1		
	7						9	5
9		3	6		8	7		4
2	6						1	
		5	2	7	1		8	6
6					4		7	
		8	9	6		4		2

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु बवाल 5959 का हल

8	2	5	3	6	7	9	1	4
4	6	1	8	9	2	3	7	5
3	7	9	1	5	4	6	8	2
1	3	7	4	2	9	5	6	8
6	5	2	7	1	8	4	9	3
9	8	4	6	3	5	1	2	7
2	4	6	9	8	3	7	5	1
5	1	3	2	7	6	8	4	9
7	9	8	5	4	1	2	3	6

यूक्रेन संकटः भारत की दुविधा

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

इस समय यूक्रेन पर सारी दुनिया की नजर लगी हुई हैं, क्योंकि अमेरिका और रूस एक-दूसरे को युद्ध के धमकी दे रहे हैं। जैसे किसी जमाने में बर्लिन को लेकर शीतयुद्ध के उष्णयुद्ध में बदलने की आशंका पैदा होती रहती थी, वैसा ही आजकल यूक्रेन को लेकर हो रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री खुले-आम रूस को धमकी दे रहे हैं कि यदि रूस ने यूक्रेन पर हमला किया तो उसके नतीजे बहुत बुरे होंगे। सचमुच यदि यूरोप में युद्ध छिड़ गया तो इस बार वहां प्रथम और द्वितीय महायुद्ध से भी ज्यादा लोग मारे जा सकते हैं, क्योंकि इन युद्धरत राष्ट्रों के पास अब परमाणु शस्त्रास्त्रों और प्रक्षेपास्त्रों का अंबार लगा हुआ है। रूस ने यूक्रेन की सीमा पर लगभग एक लाख फौजियों को अड़ा रखा है। यूक्रेन के दोनबास क्षेत्र पर पहले से रुस-समर्थक बागियों का कब्जा है। यूक्रेन पर लंबे समय तक रूस का राज रहा है। वह अभी लगभग दो-दशक पहले तक रुस का ही एक प्रांत भर था। सोवियत रुस के विश्व-प्रसिद्ध नेता निकिता ख्रुश्चौफ यूक्रेन में ही पैदा हुए थे। इस समय यूरोप में यूक्रेन ही रूस के बाद सबसे बड़ा देश है। लगभग सवा चार करोड़ की आबादीवाला यह पूर्वी यूरोपीय देश पश्चिमी यूरोप के अमेरिका-समर्थक देशों के साथ घनिष्ट संबंध बनाने की कोशिश करता रहा है। वह रूस के शिकंजे से उसी तरह बाहर निकलना चाहता है, जिस तरह से सोवियत खेमे के अन्य 10 देश निकल चुके हैं। उसने यूरोपीय संघ के कई संगठनों के साथ सहयोग के कई समझौते भी कर लिये हैं। रूस के नेता व्लादिमीर पुतिन को डर है कि कहीं यूक्रेन भी अमेरिका के सैन्य संगठन 'नाटो' का सदस्य न बन जाए। यदि ऐसा हो गया तो नाटो रूस की सीमाओं के बहुत नजदीक पहुंच जाएगा। यों भी एस्तोनिया, लेटविया और लिथुवानिया नाटो के सदस्य बन चुके हैं, जो रूस के सीमांत पर स्थित हैं। यूक्रेन और जार्जिया जैसे देशों को रूस अपने प्रभाव-क्षेत्र से बाहर नहीं खिसकने देना चाहता है। लेनिन के बाद सबसे अधिक विख्यात नेता जोजफ़ स्तालिन का जन्म जार्जिया में ही हुआ था। इन दोनों देशों के साथ-साथ अभी भी मध्य एशिया के पूर्व-सोवियत देशों में रूस का वर्चस्व बना हुआ है। अफगानिस्तान से अमेरिकी पलायन के कारण रूस की हिम्मत बढ़ी है। यों भी यूक्रेन पर बाइडन और पुतिन के बीच सीधा संवाद भी हो चुका है और दोनों देशों के विदेश मंत्री भी आपस में बातचीत कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि यूक्रेन को लेकर दोनों महाशक्तियों के बीच युद्ध छिड़ेगा।

एन.आर.सी. में उपचार होने पर 3 माह की बच्ची हिनारात कुपोषण से मुक्त हुई

मुरैना। जिला चिकित्सालय के एन.आर.सी. में भर्ती के बाद हुये 3 माह की बच्ची हिनायत के उपचार के बाद अब वह कुपोषण से मुक्त हो गई है। उपचार के बाद छुट्टी के बाद हुये चौथे फोलों में उसका वजन साढ़े 4 किलोग्राम, लंबाई 51 से.मी. हो गया है। 3 माह की हिनायत का उपचार सरकार की राष्ट्रीय शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम के तहत किया गया है। टोड़े का पुरा जिला मुरैना निवासी अरमान जो मेहनत मजदूरी करके अपने 6 सदस्यीय परिवार को दो जून की रोटी कमाना वमुश्किल था। गरीबी तंगी के हालत के कारण वह अपनी कुपोषित बच्ची का प्रायवेट अस्पताल में ईलाज कराने में असमर्थ था। बच्ची हिनायत की बार-बार तबियत खराब होने से पिता अरमान खान काफी परेशान था। पड़ौसियों की सलाह पर एक दिन अरमान खान ने अपनी बच्ची हिनायत को जिला चिकित्सालय में जाकर शिशु रोग विशेषज्ञ को दिखाया, जहां बच्ची में कुपोषित होने के लक्षण पाये गये। बच्ची को एनआरसी में भर्ती कराके एनआरसी के नोडल अधिकारी डॉ. कुशवेन्द्र सिंह सिकरवार ने बच्ची की जांच करायी तो उसका वजन ढ़ाई किलो, लम्बाई 50 से.मी., हिमोग्लोबिन 9.5 ग्रेड एल 35 डी पाई गई। 2 सितम्बर 2021 से हिनायत का उपचार पोषण पुनर्वास केन्द्र में शुरू किया गया, जहां एएनएम द्वारा बच्ची के माता-पिता का बच्ची को पोषण आहार देने, समय पर दवाईयां देने बच्ची को सर्दी, जुकाम व खांसी से बचाव पर समझाईश दी गई। बच्ची का लगातार उपचार पोषण पुनर्वास केन्द्र में किया गया। केयर टेकर मनोरमा शर्मा, नीतू, सुनीता द्वारा बच्ची की प्रतिदिन देखभाल समयानुसार दवाईयां दी गई। लगातार उपचार से हिनायत को बहुत जल्दी आराम मिल गया, उसका वजन ढ़ाई किलो से बढ़कर 3.180 किलोग्राम हो गया। छुट्टी के समय 15 सितम्बर को टारगेट वेट 2 किलो 937 ग्राम बढ़ा, पहला फोलो 29 सितम्बर 2021 को किया गया, जिसमें उसका वजन 3 किलो 480 ग्राम, दूसरा फोलो 14 अक्टूबर को किया गया, जिसमें उसका वजन 4 किलोग्राम बढ़ा, तीसरा फोलो पर वजन 4 किलो 36 ग्राम पाया गया। चौथे फोलो में हिनायत का वजन साढ़े 4 किलो, लंबाई 51 सेमी. पाया गया। वजन बढ़ जाने से बच्ची ठीक हो गई। उसमें रोनक आ गई। बच्ची के स्वस्थ्य होते ही अरमान खान खुश हो गया, उसको एक पैसा भी नहीं लगाना पड़ा। संपूर्ण खर्च सरकार द्वारा उठाया गया, अब बच्ची को भूख लगने लगी है, उसका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। मां का दूध भी अच्छी तरह से पी रही है।

युवा मोर्चा ने आयोजित की निबंध लेखन प्रतियोगिता

मुरैना। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मुरैना व्दारा स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है, इसी क्रम में स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर आधारित निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश कार्यसमिति विशेष आमंत्रित सदस्य राहुल पचौरी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। निबंध लेखन की यह प्रतियोगिता एस एस एकेडमी पर आयोजित की गई, जिसमें एकेडमी की संचालिका अंजना डंडोतिया, वेदप्रकाश पचौरी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अमन सिकरवार, किशोर शर्मा, अनिकेत डंडोतिया आदि कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

आंगनवाड़ी से थाली, लोटा, चम्मच समेट ले गए चोर

मुरैना। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र से अज्ञात चोर बीती रात दैनिक उपयोग की वस्तुएं चोरी कर ले गए। जिसमें थाली, लोटा, चम्मच सहित अन्य उपकरण शामिल है। पुलिस ने आवेदन जांच में ले लिया है। आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 88 की कार्यकर्ता ओमवती सैमिल सिलायथा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनकी आंगनवाड़ी केंद्र से बीती रात अज्ञात चोर टंकी, स्टार्टर, वजन मशीन, 40 थाली, गिलास, चम्मच, टेबल, कुर्सी, लंबाई नापने का थर्मामीटर, गोलियां एवं दवाइयों के डिब्बे, बाल्टी, चमचा, तबेला, रजिस्टर आदि सामान भरकर ले गए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने सिविल लाइन थाना पुलिस से चोरी का शीघ्र पता लगाने की मांग की है।

सुरेश शर्मा ब्राम्हण अंतर्राष्ट्रीय संगठन ट्रस्ट के मंत्री मनोनीत

कैलारस। ब्रम्हलीन आचार्य प्रभाकर मिश्र, नेपाल के संहिता शास्त्री स्वामी अर्जुन प्रसाद बस्तोला, संगठन के अध्यक्ष डॉ सुरेश चंद्र कौशिक बागपथ उत्तरप्रदेश, संगठन के मुख्य महासचिव ऋषि शर्मा करनाल हरियाणा के आशीर्वाद से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राजीव शर्मा, संगठन के राष्ट्रीय सचिव लोकेन्द्र डंडोतिया की अनुशंसा पर ब्राम्हण अंतर्राष्ट्रीय संगठन ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष महावीर पण्डित द्वारा कैलारस के बरिष्ठ समाजसेवी सुरेश शर्मा को ब्राम्हण अंतर्राष्ट्रीय संगठन ट्रस्ट मध्यप्रदेश का प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया है। संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर श्री शर्मा को उनके मित्र व सहयोगियों ने बधाई दी है।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार बहन व भांजी की मौत, भाई घायल

मुरैना। सिटी कोतवाली के अंतर्गत अंबाह बाईपास रोड पर शुक्रवार की दोपहर भिंड से अपनी बहन और भानजी को देवगढ़ छोड़ने जा रहे युवक की बाइक में सामने से रेत के खाली डंपर चालक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बहन और भांजी की मौत हो गई, जबकि भाई घायल हो गया। हादसा देख लोगों ने डंपर को रोक लिया और पुलिस को सूचना कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतकों के शव पीएम हाउस भेजे गए तथा कोतवाली पुलिस ने डंपर चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाई पंकज पुत्र बलवीर सिंह भदोरिया निवासी कचोंदरा जिला भिंड अपनी बहन ज्योति सिकवार पत्नी राजकुमार सिकरवार 37 वर्ष निवासी अर्जुनपुरा देवगढ़ थाना को मायके से बाइक पर लेकर अंबाह बाईपास से मुरैना आ रहा था, तभी एबी रोड से अंबाह बाईपास की ओर जा रहे रेत के खाली डंपर चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर सामने से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बहन और भानजी उचट कर जमीन पर गिर पड़े और ज्याति 37 बर्ष एवं पिंकी 3 बर्ष की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पंकज बुरी तरह घायल हो गया। हादसा देख आसपास के लोग एवं राहगीर मौके पर पहुंचे तथा वाहन चालक को रोककर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों के शव पीएम हेतु भेजे एवं घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने डंपर चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

भाजपा केंद्र क्रमांक 2 एवं 3 के बूथविस्तारक एवं अध्यक्षों की बैठक संपन्न

कैलारस। भारतीय जनता पार्टी कैलारस के विस्तारक कार्य योजना के अंतर्गत मंडल के शक्ति केंद्र क्रमांक 2 एवं शक्ति केंद्र क्रमांक 3 के बूथ विस्तारक एवं बूथ अध्यक्षों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जौरा विधायक सूबेदार सिंह राजोधा एवं मुख्य वक्ता के रूप में मंडल विस्तारक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ मनु शर्मा ने विस्तारक एवं बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से पार्टी के जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राजू गुप्ता द्वारा की गई। बैठक में सभी बूथ विस्तारित एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए बैठक का संचालन मंडल महामंत्री महेश श्रीवास्तव ने किया।

बैठक में विशेष रुप से विधायक सूबेदार सिंह रजोधा, मनु शर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, राजेंद्र शुक्ला जिला मंत्री, राजू गुप्ता मंडल अध्यक्ष, महेश श्रीवास्तव, वीरेंद्र बसेडिया, अशोक राणावत, सौरव बंसल, जीत प्रजापति, पूरन शिवहरे, दुर्गेश गौड, धारा सिंह सोनी, राजू प्रजापति, बदन सिंह सिकरवार, दिनेश जादौन, पूरन बाथम, महेंद्र सिकरवार, महेंद्र शर्मा, कपिल हरदेनिया, रंजीत महोरिया सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



गौशालाओं में गोवंश की व्यवस्था बनाने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

अंबाह। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बाह द्वारा दिमनी विधायक रवीन्द्र सिंह तोमर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बाह के अध्यक्ष उमाचरण कटारे(दाऊ) के नेतृत्व में अम्बाह दिमनी विधानसभा की गौशालाओं में फैली हुई अव्यवस्था को सुधारने के लिए एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजीव समाधिया अम्बाह को दिया, जिसमें क्षेत्र में ठंड से मर रही गौमाताओं की व्यवस्था बनाने की बात कही गई। ज्ञापन में कहा गया कि सरकारी संरक्षण के अभाव में गोवंश बीमार हो रहा है। इसके लिए गौशालाओं में गायों के लिए चारा सहित उपचार की व्यवस्था की जाए। इस व्यवस्था के अभाव में गोवंश किसानों की फसल नष्ट कर रहा है जिससे किसान परेशान हैं। इसलिए गौशालाओं को सुचारू संचालित कर आवारा गोवंश के लिए चारे-पानी व उपचार की व्यवस्था की जाए, जिससे आम जनता को भी राहत मिले। ज्ञापन दिए जाने से पूर्व सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी विश्राम गृह अम्बाह से रैली निकालकर तहसील अम्बाह पहुँचे। इस दौरान प्रदेश सरकार की उपेक्षा से गौमाताओं की हो रही दुर्दशा के विरोध में नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व विधायक सत्यप्रकाश सखवार, पुष्पेंद्र तोमर, उदयवीर तोमर, बलवीर तोमर, अजेंद्र तोमर, अंकुर मावई, देवेंद्र सखवार, ब्रजकिशोर सखवार, सुरेश जाटव, श्रीचंद्र उपाध्याय, सचिन छारी, राजवीर तोमर, अखलेश शर्मा, आशु राणा, हारून खान, तरुणेश तोमर, अजय ठेकुले, शिवनारायण सखवार, दुर्गाप्रसाद सखवार, राहुल तोमर, शेरा तोमर, सनी मिश्रा, शिवराज सखवार, माधो सखवार, कालीचरण सखवार, अनुरूध्द शर्मा, संजू सखवार, मोनू, रिशु शर्मा, जितेंद्र सिंह सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी को 15 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

मुरैना। दो वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के मामले में स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो) मुरैना के न्यायालय ने आरोपी साकिर खां पुत्र जाकिर खां, उम्र 27 वर्ष, निवासी जिला मुरैना को धारा 5(एम),(एन),(ज्ञ)/6 पोक्सो एक्ट व धारा 342 भादवि में दोषी पाते हुये 15 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 16,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक/अति0 जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा उमरैया ने की। सहायक मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने घटना के बारे में बताया कि पीडित बालक की मां ने अपने 02 वर्षीय बालक के साथ थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि 28 मार्च 2019 को शाम के लगभग 04 बजे आरोपी शाकिर बालक को अपने ले गया और बोला कि वह उसे बिरयानी खिलाकर लाता है, उसने आरोपी को मना भी किया किंतु आरोपी यह बोलकर चला गया कि वह थोडी देर से बालक को लेकर आ जायेगा। कुछ देर बाद उसे बालक के रोने की आवाज सुनाई दी। तब वह आरोपी के कमरे की ओर गई तो अभियुक्त के कमरे का दरवाजा बंद था और अंदर से उसके बालक के रोने की आवाज आ रही है, जब अभियुक्त ने थोडी देर बाद दरवाजा खोला तो उसने देखा कि उसके पुत्र के साथ अभियुक्त द्वारा अप्राकृतिक कृत्य किया गया। पीडित बालक की मां की उक्त रिपोर्ट पर से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण पॉक्सो का होकर गंभीर प्रकृति का था जिसमें अभियोजन के द्वारा क्रमबद्ध तरीके से साक्ष्य को पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दण्डित किया गया।

दतिया में आज बूथ की संरचना से भाजपा होगी मजबूत: संध्या राय

संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट

शुक्रवार को भिंड दतिया सांसद प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती संध्या राय बूथ विस्तारक संरचना के तहत भाजपा ग्रामीण मंडल के बूथ क्रमांक 56 ग्राम रिछ्रा पहुंची जहां पर भाजपा मंडल पदाधिकारियों और ग्राम वासियों द्वारा सांसद श्रीमती संध्या राय का पुष्प माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि भिंड दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय मंडल विस्तारक अतुल भूरे चौधरी भाजपा जिला मंत्री श्रीमती मीनाक्षी कटारे मंडल अध्यक्ष रघुवीर प्रताप कुशवाह ने भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक कुशाभाऊ ठाकरे के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया सांसद श्रीमती संध्या राय ने

बूथ समिति के सदस्यों के साथ बैठकर चर्चा की और उपस्थित मंडल पदाधिकारियों एवं बूथ समिति के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा है की अंतिम छोर के व्यक्ति भी भाजपा पार्टी से जुड़े जिससे पार्टी मजबूत हो और आने वाले समय में भाजपा हर एक ग्राम केंद्र और बूथ स्तर पर मजबूत हो प्रदेश की और केंद्र की सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति तक की सोच लेकर काम कर रही है आज भारत देश प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है आओ हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करें और भारतीय जनता पार्टी मजबूत होगी तो भारत देश भी मजबूत होगा इसके पश्चात भिंड दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय मंडल उपाध्यक्ष मिंकू पाठक के निवास पर पहुंची जहां पर मंडल उपाध्यक्ष पाठक के परिवार जनों द्वारा सांसद श्रीमती संध्या राय का शाल श्रीफल और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया गया और कार्यकर्ताओं के साथ सांसद श्रीमती संध्या राय ने मंडल उपाध्यक्ष मिंकू पाठक के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किए कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री डा राजू त्यागी के द्वारा किया गया

कार्यक्रम में डॉ सलीम कुरेशी बद्री प्रसाद साहू भान सिंह राजपूत अजय दुबे मंगल यादव महेश यादव मान सिंह कुशवाह विनोद यादव कुलदीप यादव अनिल दांगी विनोद अहिरवार लला रजक कल्लू कुशवाह रवि गौतम शिवचरण कुशवाह गल्ली कुशवाह धर्मेंद्र प्रजापति धर्मेंद्र गुर्जर राहुल गुर्जर श्रीमती नीतू रावत प्रभु पाल रामू साहू राजा कुशवाह अवधेश राजपूत सहित मंडल भाजपा पदाधिकारी बूथ समिति पदाधिकारी और ग्रामीण जन कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे

सदर बाजार निर्माण को लेकर कलेक्टर के द्वारा 2 दिन में शुरू कराने का दिया सीएमओ को आदेश

पोरसा। मुख्य बाजार शहर का ह्रदय स्थल सदर बाजार कि जलभराव की 2 माह से चल रही समस्या को लेकर आज व्यापारियों ने अपनी बात को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को अवगत कराया गया समस्या निदान हेतु तत्काल केंद्रीय कृषि मंत्री के द्वारा कलेक्टर को मौके पर निर्देशित किया गया तथा जल्द से जल्द कार्य शुरू हो इसको लेकर निर्देश दिए गए निर्देश के बाद कलेक्टर बी के कार्तिकेय जिला पंचायत सीईओ रोशन सिंह अंबाह एसडीएम राजीव समाधिया एसडीओपी अशोक सिंह जादौन थाना प्रभारी रामपाल जादौन जिला उपाध्यक्ष साहिब सिंह तोमर नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता मौके पर जलभराव की समस्या को देखने सदर बाजार व्यापारियों के बीच पहुंचे वहां पर सभी व्यापारी की समस्या सुनने के बाद कलेक्टर ने मौके पर सीएमओ पोरसा को 2 दिन के अंदर निर्माण कार्य शुरू कराने एवं सही गुणवत्ता से कार्य करने नाला सफाई पोलो पर लाइट लगाने आदि का निर्देश दिया यदि समय अवधि में कार्य नहीं हुआ तो सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई की जाएंगी इस मौके पर सोमेश सिंह तोमर संदीप उपाध्याय शिवराज सिंह तोमर डॉक्टर पीसी गुप्ता बनबारी गुप्ता जसराम गुप्ता श्रीभगवान गुप्ता ब्रजमोहन गुप्ता उमेश गुप्ता रघुवरदयाल गांगिल प्रमोद जैन परिमाल शर्मा योगेश शर्मा आदि व्यापारी भाई उपस्तित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष और सांसद बी डी शर्मा का देवेंद्र नगर दौरे के दौरान हुआ भव्य स्वागत

पन्ना से गौरीशंकर कुशवाहा की खबर

पन्ना -भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा के लोकप्रिय सांसद माननीय श्री विष्णु दत्त शर्मा जी (वी डी भाईसाब) के देवेंद्रनगर आगमन पर आइटी सेल के जिला सह संयोजक ध्रुव चौबे के नेतृत्व में चांदनी चौक में सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाड़ों एवं आतिशबाजी से जोरदार स्वागत किया गया एवं फूल माला,साल श्री फल देकर सम्मान किया गया कार्यकताओं में प्रमुख रूप से श्री मति सोमप्रभा राणा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष,शैलेश अग्रवाल, आशीष बुंदेला,उमेश पाठक युवा मोर्चा मंडल महामंत्री, कुलदीप परौहा, प्रियव्रत गौतम,राहुल जैन, कृष्णा पाठक,दीपांस शुक्ला,आशीष गुप्ता,ब्रजेश शुक्ला,नीरज तिवारी,नागेंद्र चौबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

घर चलो घर-घर चलो अभियान के तहत घर-घर जाएंगे कांग्रेसी

उमाकान्त शर्मा
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी भिंड द्वारा अपने कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने की उक्त बैठक में नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे उक्त बैठक में बाल कांग्रेस का गठन को लेकर भी चर्चा की गई बाल कांग्रेश के सदस्य के रूप में अक्षत जैन कृष्णा शर्मा शुभम सोनी दिलीप जैन राजू जैन नीरज शाक्य को सदस्य बना कर बाल कांग्रेस की सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई बैठक में शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा की 18 तारीख को भोपाल में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष माननीय कमलनाथ जी ने निर्देश दिया है की 1 फरवरी से कांग्रेसी घर चलो घर घर चलो अभियान चलाएंगे इसके तहत वार्ड से पंचायत स्तर तक कांग्रेसी घर घर जाकर बीजेपी सरकार की नाकामी को आमजन को बताएंगे हम घर घर जाकर मतदाता सूचियों का अवलोकन करेंगे और उसमें जो कमी होगी हमें सुधार करेंगे उक्त कार्यक्रम के साथ साथ हम सदस्यता अभियान को भी पुरजोर तरीके से

चलाएंगे इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा कि माननीय कमलनाथ जी के निर्देश पर हम घर घर जाएंगे और भाजपा की जन विरोधी नीतियों को उजागर करेंगे माननीय कमलनाथ जी के निर्देश अनुसार बाल कांग्रेसका भी गठन कर रहे हैं भिंड जिले में बाल कांग्रेश पूरी जोरदारी के साथ काम करेगी मैं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से आव्हान करता हूं कि वह घर घर जाकर आमजन की परेशानियों को समझें और उन्हें दूर करने का प्रयास करें घर-घर चलो अभियान के तहत बूथ बार विस्तृत जानकारी एकत्र करेंगे

उक्त बैठक में प्रमुख रूप से रतन चंद जैन बलराम जाटव दीपचंद तिवारी अजय जैन दर्शन सिंह तोमर अजय शर्मा शालिग्राम जोशी राहुल कुशवाहा रीना चौहान आनंद शांति शाक्य कुलदीप भारद्वाज आनंद शाक्य संजय यादव सूरज पाल सिंह राजावत पिंटू शर्मा सिंटू उपाध्याय आदि कांग्रेसी प्रमुख रूप से उपस्थित थे

बस संचालकों से कॉविड 19 के चलते यातायात थाने में ली बैठक

अनिल कुशवाह ब्यूरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी - खबर शिवपुरी के यातायात थाना से है जहां आज समस्त बस संचालकों को कोविड 19 के तहत नियम पालन करने हेतु शिवपुरी यातायात थाने में बैठक ली गई। जिसमे सभी बसें बस स्टेंड से भरके सीधा ग्वालियर बायपास एवम् गुना बायपास पर ही रुकेगी। अगर नियम के खिलाफ बस अगर बीच में कहीं भी रुकेगी तो सक्त कार्यवाही होगी, किसी भी बस में सवार ओवरलोडिंग नही होना चाहिए, मास्क और सेनेटाइजर नियमित रूप से उपयोग होना चाहिए, वहीं सभी बसों के दस्तावेज पूरे होने चाहिए, बस स्टैंड पर खड़ी बसें जो संचालित नही है उन्हे दो दिवस में हटाने के निर्देश दिए है दो दिवस में बसे न हटाने पर कार्यवाही की जाएगी अंत में सभी बसों में कोरोना गाइडलाइन का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना है अगर नियमो का पालन नहीं होगा तो 188 की कार्यवाही की जाएगी।

समस्त बस संचालकों को दिशा निर्देश दिए गए और इस दौरान बैठक में एसडीओपी शिवपुरी अजय भार्गव, कोतवाली थाना प्रभारी सुनील खेमरिया और यातायात थाना प्रभारी रणवीर सिंह यादव मौजूद रहे।

लोहारी में श्री आईमाता मंदिर निर्माण के लिए दीवान माधवसिंह जी ने किया भूमिपूजन

पुष्पाजंली टुडे /नारयणलाल सैणचा

कुक्षी म.प्र.। सिर्वी बाहुल्य लोहारी में श्री आईमाताजी के भव्य मंदिर निर्माण के लिये धर्मगुरु दिवान साहब माधवसिंह राठौर ने भूमिपूजन किया इस अवसर पर गांव माताजी के धर्मरथ वेळ और दीवान साहब कि भव्य शोभायात्रा निकाली , गांव में जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत हुवा ।धर्मशाला प्रांगण में दिवान साहब ने धर्मसभा में अपने आशीर्वचन दिये ।इस अवसर पर अखिल भारतीय सीरवी महासभा मध्य प्रदेश नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष भगवानजी लछेटा और नवनिर्वाचित प्रांतीय महासचिव कांतिलाल गेहलोत ,सिर्वी संदेश पत्रिका के अध्यक्ष कानाराम चोयल ,पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश मुकाती वी आई पी एवं मनोहरलाल मुकाती सर ,पूर्व इंदौर इंदौर के अध्यक्ष जगदीश काग , टीकमजी पँवार की उपस्थिति में संपन्न हुआ

स्वच्छता अभियान की उड़ाई जा रही धज्जियां एवं प्रधानमंत्री मोदी जी के सपनो को लग रहा पलीता

पन्ना- मामला देवेन्द्रनगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गुखौर का है जिसमे सड़क में कचरा का ढेर लगा हुआ है लोग प्रतिदिन निकलते बारिश होने पर भी वही से गुजरना पड़ता है किंतु यदि शिकायत की जाती है कि कचरा सड़क से हटाया जाए तो ग्राम पंचायत में बैठे मूक अधिकारी बात नही करते है यदि फोन से भी बात की जाए तो कोई नही सुनता लोगो की गाड़ियां नही निकल पा रही है ।ष्टरू हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई जाए तो सचिव एवं सरपंच का दबाब भी मिल रहा है ।शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को भी प्रभावी ढंग से यदि क्रियान्वयन नही किया जा रहा है ।जिससे

अंदाजा लगाया जा सकता है कि पन्ना जिले के पन्ना जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिम्मेदार अधिकारी का किस प्रकार से मिली भगत से काम चल रहा है ।सचिव महोदयों की फोन के माध्यमो से धमकियां भी दी जाती है कि जो करना है कर लो अभी सफाई नही की जा सकती है । ग्राम पंचायत कभी सप्ताह में खुलती है और ग्राम में ताला लटका देख ग्रामीण हो रहे परेशान जिससे ग्रामीणों में रोस का माहौल है । इस प्रकार के मामलों में देखते है कि पन्ना जिले के कलेक्टर महोदय कितना संज्ञान लेते है ।और कब तक सफाई की जा सकेगी या फिर लोगो को उसी कचरे के दलदल में गुजर करना पड़ेगा।

जिम्मेदारों का कहना

01 पंचायत में खबर है कि सफाई का कार्य किया जाना है किंतु मशीन गांव में किन्तु अभी समय नही है कार्य करवाने के लिए जब समय लगेगा तो कार्य करवाया जाएगा।

सरपंच पति श्री दादूराम कुशवाहा

02 मेरी बात सरपंच जी से हो गई है किंतु मशीन नही मिल पा रही है सभी को समस्या हो रही है सड़क में किन्तु सचिव महोदय से बात हुई तो बात करते है किंतु सफाई के लिए मैं कल स्वयं जाकर देखता हूं कि क्या चल रहा है।

नीरज श्रीवास्तव पंचायत समन्यवय अधिकारी जनपद पंचायत पन्ना

पत्रकार टीम के माध्यम से बात की गई मौके पर जा कर देखा गया किन्तु सचिव महोदय मिले नदारद *ग्रामीण ग्राम पंचायत गुखौर

पन्ना से गौरीशंकर कुशवाहा की खबर

शत- प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए डोर टू डोर जाएंगी टीम: कलेक्टर

विभिन्न विभागों की टीम आपसी समन्वय से करेगी काम कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश

अनिल कुशवाह ब्यूरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-खबर शिवपुरी से अभी 15 से 17 वर्ष के बच्चों को चिन्हित कर वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसके अलावा सेकंड डोज़ की ड्यू लिस्ट वाले लोगों से संपर्क कर वैक्सीन लगवाने के लिए जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही हेल्थ वर्कर और फ्रंटलाइन वर्कर आदि के भी बूस्टर डोज लगना है। इसमें अभी 15 से 17 वर्ष के बच्चों का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराना महत्वपूर्ण लक्ष्य है। सभी क्षेत्रों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। विकासखंड मेडिकल ऑफिसर,प्रोग्राम ऑफिसर, सेक्टर मेडिकल ऑफिसर, सीडीपीओ, सीएमओ, बीईओ, बीआरसी आदि को जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी टीम

को आपसी समन्वय से काम करना होगा। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को गीता पब्लिक स्कूल में शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, समस्त विकासखंड मेडिकल ऑफिसर के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश देते हुए कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा है कि अब डोर टू डोर वैक्सीनेशन की आवश्यकता है। सभी नोडल अधिकारियों को मोबाइल टीम दी गई हैं। मोबाइल टीम के माध्यम से नोडल अधिकारी अपने क्षेत्र में जहां जरूरत है उसके अनुसार टीम को उपयोग करेंगे। इसके अलावा स्थानीय स्तर के अमले के माध्यम से घर घर लोगों से संपर्क कर वैक्सीनेशन कराएंगे। इसके अलावा स्कूलों में भी सत्र रहेंगे, वहां भी बच्चे वैक्सीन लगवा सकते हैं। सभी को समग्र के डाटा के आधार पर सूची उपलब्ध कराई गई हैं,अधिकारियों को इन सूचियों के माध्यम से लोगों से संपर्क करना है और शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराना है।

बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकासखंड में प्रोग्राम ऑफिसर के साथ ही सहायक प्रोग्राम ऑफिसर की भी ड्यूटी लगाएं। इसके अलावा सेक्टर मेडिकल ऑफिसर को भी जिम्मेदारी दी जाए। टीम द्वारा आपसी समन्वय से काम करके बच्चों को चिन्हित कर वैक्सीनेशन कराया जाएगा और उसके बाद यह प्रमाणीकरण देना होगा की ग्राम पंचायत या संबंधित वार्ड में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन हो गया है। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल एसडीएम शिवपुरी गणेश जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी, एन आर एल एम परियोजना अधिकारी अरविंद भार्गव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे

शिकारपुरा में संत श्री किसनाराम जी महाराज की 15वीं पुण्यतिथि मनाई

नेनाराम सीरवी/पाली

पाली। आजणा पटेल संपूर्ण भारत रोहट क्षेत्र के लूणी तहसील के शिकारपुरा में संत श्री राजारामजी महाराज आश्रम में आजणा पटेल समाज में शिक्षा की ज्योति जगाने व नशा मुक्ति अभियान की प्रेरणा देने वाले संत श्री पूजनीय संत किसनाराम जी महाराज की 15 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए ।आजणा पटेल समाज के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार कोराना गाइडलाइन के अनुसार समाज के शिरोमणि संत किसनाराम जी महाराज की 15 पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर राजारामजी महाराज के नाम भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित कर एक से एक बढ़कर भजन गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। संत किसनाराम जी महाराज की प्रतिमा पर महंत श्री दयाराम जी महाराज के सानिध्य में आजणा पटेल समाज के बंधुओं ने दीप प्रज्वलित कर पुष्प माला व श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको याद कर श्रद्धांजलि दी और प्रसादी वितरण की गई। इस मौके पर मंदिर पुजारी संत सावलाराम व कानाराम महाराज समाजसेवी हरी भाई पटेल रुपावास गुंदोज भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश राम पटेल मंदिर कमेटी सदस्य सोनाराम पोलाराम बालाराम नरसिंह ओमाराम देवेंद्र पटेल वीरेंद्र सिंह कुपाराम चौधरी सहित सैकड़ों समाज बंधु मौजूद रहे



शिवपुरी पुलिस ने अंधे कत्ल का पर्दाफास कर आरोपी को किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- खबर शिवपुरी से है जहाँ थाना सुरवाया पर ग्राम बूढी बरोद के कोटवार ने सूचना दी थी कि गाँव के बाहर रोड किनारे गड्ढे में एक व्यक्ति पडा हुआ है, सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी सुरवाया मय वल के रवाना होकर बूढी बरोद पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति रोड़ किनारे पड़ा हुआ है जिसमे कोई हलचल नहीं है और मालूम हुआ कि उक्त व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है, परंतु लाश पहचान में नही आई अज्ञात व्यक्ति को किसी व्यक्ति द्वारा हत्या कर चेहरे को किसी पत्थर से कुचला गया है । काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान निवासी ग्राम बेरखेडी थाना कोलारस के रूप में हुई । मृतक के बारे में परिजनों से जानकारी लेने पर पता चला कि मृतक ग्राम पथरौली थाना सुरवाया मे एक व्यक्ति के यहाँ काम करता था, उक्त रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के बिरूद्ध अपराध क्र.10/22 धारा 302, 201 ताहि का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा आरोपियों की पहचान कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिये । अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी करैरा श्री जी.डी. शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुरवाया रामेन्द्र सिह चौहान ने पुलिस टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरु की गई । विवेचना के दौरान मृतक जिस व्यक्ति के यहां काम करता था को तलाश किया तो घर से गायब मिला और संदेहा हुआ, गांव मे लोगों से पूछ ताछ मे पता चला कि उक्त व्यक्ति हत्या के कुछ घण्टे पहले मृतक को उसके गाँव से लेकर आया था पूरी जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर संदेही की तलाश कर उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे कुछ दिन पूर्व झारखण्ड पुलिस महिला संबंधी अपराध में उसे ले गई थी चूँकि मृतक पिछले करीब चार माह से उसके यहाँ काम कर रहा था इसलिये उसे शक था कि महिला संबंधी बात मृतक ने ही सब जगह फैलाई है तथा संक्राति के तीन दिन पूर्व उसे बगैर बताये मृतक अपने घर चला गया था जिससे उसकी फसल का नुकसान हो रहा था तब वह दिनांक 14/01/22 शाम को मृतक को अपनी मोटर साईकिल पर बैठाकर अपने गाँव पथरौली ले जा रहा था तो मृतक बूढी बरोद में मोटर साईकिल से उतर गया जिसे आरोपी ने काफी समझाया किन्तु मृतक साथ जाने को तैयार नही हुआ और शराब के नशे में उसे गालियाँ देने लगा तब उसे गालियाँ सहन नही हुई और उसने उसमें तीन चार लात घूसे मारे जिससे वह जमीन पर गिर पडा तब उसने सोचा कि वह खत्म हो गया है तो पास में पडे पत्थर को उठाकर उसकी पहचान मिटाने के लिये उसके मुंह पर पत्थर पटक दिया जिससे वह खत्म हो गया फिर मृतक की लाश को रोड से खीचकर पास के गड्ढे में डाल दी थी । पुलिस ने घटना का खुलाशा कर आरोपी से घटना में उपयोग किया गया पत्थर व मोटर साईकिल जप्त की थाना प्रभारी थाना सुरवाया रामेन्द्र सिंह चौहान , सउनि रामकुमार झा, सउनि श्रीकान्त शर्मा , प्र.आर.684 अवतार सिह, प्रआर. 96 अतिबल सिंह , प्र.आर. 372 रविन्द्र बुन्देला, आर. 343 मनोज धाकड, आर. 1064 राजेन्द्र सिंह , आर. 677 दशरथ सिंह , आर. 787 दर्शन सिंह , आर. 241 देवेन्द्र पाल , आर. चालक 1137 प्रकाश अवास्या की अहम भूमिका रही ।

पिछले कई वर्षों से भाजपा सरकार रोज़गार और ओबीसी आरक्षण को लेकर झूठे आश्वासन व झूठे दावे करने का काम ही कर रही है: ओबीसी जीतू लोधी

बिपिन तोमर
पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर -- ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव जीतू लोधी ने बताया कि अभी भी रोज़गार मेले के नाम पर, आरक्षण के नाम, किसानों के नाम पर कहीं दलित पिछड़ों के नाम पर,रोज़गार के झूठे दावे किये जा रहे है , अगले दो साल में लाखों लोगों को रोज़गार के झूठे सपने दिखाये जा रहे है। हर माह एक लाख लोगों को रोज़गार के दावे पिछले कई माह से किये जा रहे है, बेकलॉग के पदों पर व रिक्त पदों पर भर्ती के झूठे वादे भी विगत कई वर्षों से किये जा रहे है।आये दिन पिछड़ों दलितों के साथ अन्याय अत्याचार बढ़ रहा है उनके अधिकारों का हनन हो रहा है प्रदेश में पंजीकृत बेरोज़गार युवाओं का आँकड़ा लाखों के क़रीब पहुँच चुका है। अभी हाल ही में हमने प्रदेश के ग्वालियर कोर्ट में चपरासी, ड्राइवर, माली, सफ़ाईकर्मी के 15 पदो के लिये 11082 उच्च शिक्षित लोगों को आवेदन करते हुए देखा है, जो कोई एम ए, कोई इंजीनियर व कई पीएचडी किये हुए छात्र थे वही उज्जैन कोर्ट में चपरासी और ड्राइवर के 25 पदों के लिये 9500 लोगों को आवेदन करते हुए देखा है, वही इंदौर में छात्रों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान रोज़गार की माँग को लेकर नारेबाज़ी के दृश्य भी हमने देखे है। यह तस्वीरें प्रदेश में रोज़गार और पिछड़े बर्ग की स्थिति को बया कर रही है। शर्मनाक बात है कि उसके बाद भी सच्चाई स्वीकार करने की बजाय शिवराज सरकार अभी भी झूठ परोसने में लगी है अगर पिछड़े दलितों के साथ इसी तरह अन्याय अत्याचार बढ़ता रहा तो ओबीसी महासभा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी और वो नेता पिछड़ा वर्ग के नाम पर बनकर बैठे है और सत्ता की मलाई खाने में लगे है उनका भी बहुत जल्द ओबीसी महासभा हर तरीके का बिरोध करेगी जो आपने सोचा नहीं होगा गुलामी की हद होती है कब तक ओबीसी समाज को बेचने का काम करोगे

अवैध शराब पीने से हुई मौतों पर कांग्रेस अध्यक्ष ने शोक व्यक्त किया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । जिले की रौन तहसील में ज़हरीली शराब पीने से हुई 4 मौतों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा एवं जिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने परिवारजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया एवं मामले की पूरी जानकारी ली।कांग्रेस अध्यक्ष ने मानसिंह कुशवाहा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से जिले में अवैध शराब बिक्री पर सख्ती के साथ रोक लगाने की पुरजोर माँग की है।पिछले दिनों कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने इस सम्बंध में कलेक्टर को एक ज्ञापन भी सौपा है जिसमें स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर जिले में अवैध शराबबंदी नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।कांग्रेस जिलाध्यक्ष के अलावा सदस्यों में ब्रजेन्द्र सिंह कल्लू भारौली,संदीप मिश्रा, रेखा सिंह भदौरिया, रॉकी तोमर के अलावा कई कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

बदमाश की पत्नि आधा किलो गांजे सहित गिरफ्तार

भोपाल। राजधानी की बैरागढ़ पुलिस ने इलाके के निगरानीशुदा बदमाश की पत्नी को गांजे की पुड़िया सहित आधा किलो नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली की बैरागढ़ इलाके मे रहने वाली एक महिला शाहजहां एक झोले में राहुल नगर मे बनी पानी की टंकी के पास गांजा लेकर खडी हैं, ओर उसे बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मोके पर पहुचंकर सदिंग्ध महिला को सफेद रंग के झोले सहित पकड़ा। महिला पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास आधा किलो गांजा रखा मिला। महिला की पहचान शाहजहां पति भय्यू उर्फ जावेद निवासी राहुल नगर बैरागढ़ के रुप मे हुई। पुलिस ने उसके पास से गांजे की पुड़िया सहित आधा किलो गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट की धाराओ के तहत मामला दर्जकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकडाई गई महिला का पति जावेद थाना इलाके का लिस्टेड गुंडा है।

सीपी आई एम राज्य सम्मेलन में चुना गया युवा नेतृत्व

गोहद-सीपीएम, लगातार नए और युवतर नेतृत्व के लिए प्रयत्नशील रही है। इसने अपने सबसे बेहतर संघर्षों और योगदानो के काल में युवा पोलिट ब्यूरो, केंद्रीय समिति ही नहीं दी, संयुक्त पार्टी के जमाने में पीसी जोशी, बी टी रणदिवे, ईएमएस और सीपीएम काल में प्रकाश करात और सीताराम येचुरी जैसे युवा महासचिव तक दिए है। इस बार पार्टी ने केंद्रीय से लेकर राज्य और जिला स्तर तक के नेतृत्व के लिए आयु सीमाएं भी तय की हैं। यह सच है कि कम्युनिस्ट कभी रिटायर नहीं होता और यह भी कि वह कभी बूढ़ा भी नहीं होता - कि उम्र उसके लिए एक संख्या भर होती किन्तु यह भी उतना ही सच है कि जब युवा और तुलनात्मक रूप से युवतर नेतृत्व आता है तो नूतनता, उछाह और नवोन्मेष सब एक साथ आते हैं। अपनी धमक से जमीन तोड़कर पानी का निकालने की जिद , विचार और स्फूर्ति, नए आइडियाज के साथ तेजी से नया कुछ गढ़ती है।

देश भर में पिछले 6 महीने से जारी अपने सांगठनिक सम्मेलनों में माकपा यही कर रही है ब्रांच, लोकल और जिला कमेटियों का नेतृत्व बड़े पैमाने पर युवक युवतियों के हाथों में आया है। राज्य सम्मेलनों में भी यही प्रक्रिया जारी है। मजबूत राज्यों में ही नहीं कम विकल्पों वाले अपेक्षाकृत कमजोर संगठन वाले प्रदेशों में भी यही हो रहा है।

मध्यप्रदेश में माकपा नेतृत्व हमेशा ही युवा रहा है। शैलेन्द्र शैली महज 34 वर्ष की उम्र में इसके राज्य सचिव और केंद्रीय समिति सदस्य चुन लिए गए थे। 18 जनवरी 2022 को पुनः राज्य सचिव चुने गए जसविंदर सिंह भी 60 से कम के ही हैं।

तीन दिन चले सीपीएम के मध्यप्रदेश राज्य सम्मेलन ने जो नयी राज्य समिति चुनी है उसमे भी एक तिहाई से अधिक युवा हैं इनमें अखिलेश यादव, गिरजेशसिंह सेंगर ,रीना शाक्य, आकांक्षा धाकड़, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, उपेंद्र यादव,अजय तिवारी ,अशोक पटेल, अमित सहगौरा , जितेंद्र आर्य,भूपेंद्र सिंह गुर्जर,कांतिलाल निमामा, पूषण भट्टाचार्य,नीना शर्मा हैं 7 कुछ साथी दूसरी-तीसरी बार चुने गए हैं।

इस समिति में उम्र में जो दूसरे क्रम पर सबसे बड़े हैं वे हम सबमे सबसे ज्यादा धुआंधार सक्रियता वाले और पिछले कुछ महीनो में आशा कर्मियों के आंदोलन में चार चार बार गिरफ्तार होने वाले ए टी पद्मनाभन हैं। बाकी दो तिहाई भी हाल ही में युवाओं से अग्रज हुए साथी और साथिन हैं।

भावरी में मिशन कोराना कंट्रोल अभियान चलाया गया

नेनाराम सीरवी/पाली

पाली। छ्1द्वस्र-19 की बढ़ती महामारी को देखते हुए जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग के निर्देश के अनुसार पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भावरी के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में मिशन कोराना कंट्रोल अभियान चलाकर कोराना वैक्सीनेशन किया गया। कोविड-19 के चलते सरपंच सुनीता त्रिवेदी उप सरपंच महंत ज्ञान दास महाराज के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत कार्मिक जालम सिंह राजपुरोहित प्रभु राम ओमप्रकाश गर्ग छ्1द्वस्र-19 सहायक कौशल्या राजपुरोहित आशा रेखा कंचन गायत्री मेघवाल ने डोर टू डोर मिशन कोराना कंट्रोल अभियान के लिए टीकाकरण से रहे वंचित लोगों को कोरोना टीका लगाने के लिए उत्साहित कर कोरना वैक्सीनेशन करवाया गया। एएनएम श्यामा कुमारी ने बताया कि कोरोना वैक्सीन जिसने हेतु चिकित्सा विभाग के निर्देश के अनुसार डोर टू डोर सर्वे करके लोगों को उत्साहित कर कोरना वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

आज दतिया में भागवत कथा सुनने से पुरानी संस्कृति का मिलता है ज्ञान: डॉ विवेक मिश्रा

भाजपा नेता डॉ विवेक मिश्रा ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ किया पौधारोपण

संदीप प्रधान उप संपादक रिपोर्ट की रिपोर्ट

शुक्रवार को दोपहर 2ः00 बजे भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा दतिया पहुंचे जहाँ निवास पर उपस्थित आम कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और निवास से बड़ोंनी के लिए रवाना हुए बड़ौनी पहुंचकर नगर पंचायत द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुये और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया इसके पश्चात बड़ोंनी नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 12 पहुंचे जहां पर समाजसेवी अरविंद वर्मा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम बच्चों के लिए वस्त्र वितरण कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े वितरण किए इसके पश्चात उदगवा मंडल के ग्राम बिलोनी भेरार सरकार सतारी और बदरखी खाती बाबा सलैया के ग्रामों में हो रही भागवत कथाओ में शामिल होकर कथावाचक महाराज के चरण छूकर और पुष्प माला पहनाकर आशीर्वाद लिया और भागवत कथा में उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित

करते हुए भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा ने कहा भागवत कथा सुनने से पुरानी संस्कृति का ज्ञान मिलता है पुराने संस्कार और पुरानी संस्कृति को जागरूक रखने के लिए भागवत कथा सुनना जरूरी है हमारे भारत देश की संस्कृति इतनी महान संस्कृति है के विश्व में कहीं पर चले जाओ किसी भी देश की इतनी मजबूत संस्कृति नहीं जितनी हमारे भारत देश की संस्कृति मजबूत है इसके पश्चात भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा ग्राम नौनेर पहुंचे जहाँ पर दिव्या फुटवेयर और दिव्या मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर दुकानों का फीता काटकर शुभारंभ किया इसके पश्चात भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा दतिया नगर के किला चौक पहुंचे जहां पर सिंधी समाज के द्वारा शहीद हेमू कलानी के शहीद दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए और शहीद हेमू कलानी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इसके पश्चात दतिया विधानसभा क्षेत्र में आयोजित शादी समारोह में शामिल हुए

इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी मंडल अध्यक्ष बृजेश यादव मंडल अध्यक्ष प्रवीण पाठक वीरेंद्र पांडे मान सिंह कुशवाह गौरव दांगी जौली शुक्ला अंकित शर्मा रिंकू बुंदेला राहुल प्रोहित अरविंद वर्मा शिवा राजा गौरव गुप्ता अमन गुप्ता जितेंद्र बुंदेला मंगल यादव राजा यादव आशीष सेन कोमल कुशवाहा रणजीत राजा रुपेश योगी संदीप चौबे आयुष शर्मा अरविंद जाट रामू दांगी मुकेश वेडर पवन पहरिया दंगल यादव आकाश चौबे मुख्य रूप से मौजूद रहे

कोविड-19 की लहर से बचने के लिए जागरूक होकर वैक्सीनेशन अभियान में अहम भूमिका निभाए : मंत्री डॉ भदौरिया

सहकारिता मंत्री ने अटेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत दीनपुरा कई निर्माणकार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का भाव विकास और प्रगति सेवा का हमेशा से रहा है 7 पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के अंत्योदय के साथ अंतिम छोड़कर खड़े व्यक्ति को आगे की पंक्ति में खड़ाकर उसको विकास जन कल्याण योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर की दिशा में जोड़ रही है 7 यह उद्गार उन्होंने अटेर विधानसभा क्षेत्र के अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तीसरे दिन ग्रामीण क्षेत्रों में जनसभाओं एवं विकास कार्यों के लोकार्पण भूमि पूजन कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार की जन सहयोग से किशोर वैक्सीनेशन अभियान अभियान की शुरुआत की गई है मैं आप सभी जागृत कर रहा हूं कि आपने अपने बच्चों को टीकाकरण अवश्य करा कर कोविड-19 तीसरी लहर से हमें पूर्ण रूप से बचना है क्योंकि वैक्सीनेशन ही सुरक्षा का महत्व पूर्ण कवच है 7 आज पूरे भारत में स्वास्थ्य कर्मचारियों से लेकर सफाई कर्मचारियों स्वयंसेवी संस्थाओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के शक्ति से ही 100 करोड़ से अधिक लोगों ने टीका लगवा कर इस कोरोना वायरस की लड़ाई को जीता है जिस अभियान में हम सब ग्रामीण जनों एवं बच्चों के पालकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे कोविड-19 अस्पतालों उप स्वास्थ्य केंद्रों आंगनवाड़ी केंद्रों एवं अन्य सेक्टर पर जहां स्वास्थ्य विभाग व्यवस्था की गई है वह अवश्य 15 से 18 वर्ष आयु के युवाओं को अवश्य टीका लगवाएं द्य उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हर गरीब मजदूर किसानों के साथ खड़े हैं जिन्होंने आप सभी के विकास की चिंता करते हुए जनकल्याण की योजनाओं को संचालित किया है उन्होंने कहा कि आपने मुझे जन सेवा भाव की जिम्मेदारी सौंपी है,

मेरे पास सहकारिता विभाग भी है मैं अपने विभाग के माध्यम से किसानों संबंधित योजनाओं को आप सभी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निर्वाह कर रहा हूं किसानों को सर्व सुविधाएं मिलें यह जिम्मेदारी मेरी है सहकारिता मंत्री डॉक्टर भदौरिया को ग्राम पंचायत सकराया में ग्रामीण जनों ने फलों से तुला दान किया सहकारिता मंत्री डॉक्टर भदौरिया ने अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत अटेर विधानसभा क्षेत्र के रानीपुरा मटघाना सकराया गजना दुल्हागन मढैयापुरा पहुंचकर शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल के नवीन भवन एवं सड़क मार्ग तथा अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया सहकारिता मंत्री के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव अटेर जनपद के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष थान सिंह भदौरिया मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल अशोक सिंह बघेल शैलेंद्र सिंह भदौरिया राजीव सिंह भदौरिया प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने ग्राम पंचायत दुल्हागन में 1 करोड़ 62 लाख 41 हज़ार की लागत के 2 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। मंत्री डॉ भदौरिया ने यहाँ 1 करोड़ 42 लाख से अधिक की लोकनिर्माण विभाग की सड़क एवं 20 लाख की लागत के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ग्राम पंचायत सकराया में 22 लाख 65 हज़ार की लागत के दो निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।मंत्री डॉ भदौरिया ने यहाँ 14 लाख 85 हज़ार की लागत के पंचायत भवन का लोकार्पण एवं 7 लाख 80 हज़ार की लागत के आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने ग्राम पंचायत गजना में 9 लाख 60 हज़ार की लागत की दो सीसी रोड निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने ग्राम पंचायत मटघाना में 65 लाख 46 हज़ार की लागत के 5 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।मंत्री डॉ भदौरिया ने यहाँ 24 लाख 79 हज़ार की लागत की सुदूर सम्पर्क सड़क,14 लाख 44 हज़ार की लागत के पंचायत भवन, 3 लाख 43 हज़ार की लागत के सामुदायिक स्वच्छता परिसर, 15 लाख की लागत से नाले के निर्माण एवं 7 लाख 80 हज़ार की लागत के आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने एमजेएस महाविद्यालय में संचालित संकल्प कोचिंग में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षाओं के मूलमंत्रों से अवगत कराया। साथ ही छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने उपनगर ग्वालियर में विकास कार्यों का किया भूमि पूजन एवं लोकार्पण

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। आम जनों को पानी, सीवर और स?क जैसी मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध हों, इसके लिए मैं प्रतिबद्ध हूँ। साथ ही हमारे नौनिहालों को उच्चगुणवत्ता युक्त शिक्षा निशुल्क मिले इसके लिये क्षेत्र में सीएम राइज स्कूल बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा क्षेत्र के विकास के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। श्री तोमर शुक्रवार को उप नगर ग्वालियर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पावर जनरेटिंग कंपनी की सीएसआर निधि से उपनगर ग्वालियर के 4 स्कूलों में निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। जिसमें वार्ड 5 आनंद नगर में शासकीय माध्यमिक विद्यालय की बाउंड्रीवॉल, पेविंग ब्लॉक व अन्य सिविल कार्य लागत लगभग 4 लाख 29 हजार रूपये , वार्ड 10 काशी नरेश की गली इंद्रा कॉलोनी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं हेतु नवीन शौचालय का निर्माण कार्य लागत 2 लाख 37 हजार रूपये व वार्ड 33 में मोतीमहल शिन्दे की छावनी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय पर प्रथम तल पर कक्ष निर्माण एवं एल्यूमिनियम खिडकी, दरवाजे इत्यादि कार्य लागत 6 लाख 40 हजार रूपये से अधिक तथा खल्लासीपुरा शिन्दे की छावनी हॉकर्स जोन के शासकीय माध्यमिक विद्यालय की नवीन बाउंड्रीवॉल एवं एल्यूमीनियम डोर, विंडो, मच्छर जाली , पेवर ब्लॉक व अन्य कार्य लागत 3 लाख 80 हजार रूपये शामिल हैं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को सुधारा जा रहा है, इसके लिये उप नगर ग्वालियर क्षेत्र में दो सीएम राइज स्कूल बनने जा रहे हैं। इन स्कूलों में प्राइवेट स्कूल से बेहतर सुविधायें व शिक्षा हमारे नौनिहालों को निशुल्क मिलेंगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिये सिविल अस्पताल सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। जहां प्रतिदिन लगभग 1000-1200 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। इसके साथ ही किशनबाग में 30 बेडेड अस्पताल बनने जा रहा है। साथ ही संजीवनी क्लीनिक भी संचालित हैं, जहां प्रतिदिन 100 से 150 मरीज निशुल्क इलाज का लाभ ले रहे हैं।

इस अवसर पर श्री ब्रजमोहन शर्मा, श्री प्रयाग तोमर, पूर्व पार्षद श्री चंदू सेन, श्री राकेश अग्रवाल, महाप्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी श्री विनोद कटारे, उपमहाप्रबंधक श्री पीके हजेला व जिला शिक्षा अधिकारी सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

वार्ड-17 में विकास कार्यों का किया भूमि पूजन एवं लोकार्पण

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 17 में आरामिल कोरी समाज के दफतर वाली गली में सीसी रोड व रविन्द्र स्कूल के पास न्यू कॉलोनी नम्बर-1 बिरला नगर में नवीन नलकूप खनन का लोकार्पण किया। कांचमील में 3.5 लाख रूपये की लागत से टंकी वाला पार्क की बाउंड्रीवॉल का भूमि पूजन भी उन्होंने किया। इस अवसर पर श्री तोमर ने टंकी परिसर में बने संजीवनी क्लीनिक का निरीक्षण कर, क्लीनिक की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारी से चर्चा कर व्यवस्थाओं को और सुदृढ करने के लिये निर्देशित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 15 हजार परिवारों को राशन की पात्रता पर्ची, 2 हजार को वृद्ध व कल्याणी पेंशन, 10 हजार को आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। कोई भी गरीब भूखा न रहे इस उद्देश्य से प्रदेश सरकार कार्य कर रही हैं। क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर कराये जा रहे हैं। साथ ही कहा कि हजीरा सिविल अस्पताल प्राइवेट अस्पताल की तरह सर्व सुविधायुक्त बन चुका है। जहां सभी को निशुल्क इलाज मिल रहा है। इसके साथ ही बिरला नगर प्रसूतिग्रह का कार्य प्रगति पर है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर सुबह इंदौर प्रवास से लौटकर सीधे पहुँचे हजीरा स्थित नवीन सब्जी मंडी

सब्जी विक्रेताओं से की बातचीत

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सुबह सुबह इंदौर

से ग्वालियर पहुँचेसीधे इंटक मैदान में नवीन सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं, ठेला व्यापारियों व दुकान दारों से चर्चा कर उनकी समस्या व सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि आपकी सुविधा के लिये नये स्वरूप में व पहले से अधिक जगह सर्व सुविधायुक्त मंडी के लिए दी गई है। जहां आप अच्छे वातावरण में अपना व्यापार कर सकेगें। उन्होंने कहा कि आपका अधिकार आपके हाथों में है। आपकी सहमति के बिना कुछ नही होगा, जो दुकानदार कहेंगे हम वैसी ही व्यवस्था देने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने नवीन सब्जी मंडी में भ्रमण कर सब्जी विक्रेताओं से चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ करने के लिये निर्देशित किया।

संक्षिप्त समाचार

भाजपा नेताओं अमर शहीद हेमू कालानी को किया नमन

ग्वाल्यिर। भाजपा जिल्ला ग्वाल्यिर महानगर द्वारा अमर शहीद हेमू काल्रनी जी के शहादत पर शुक्रवार को महाराज बाडे. स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर पुश्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिल्राध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने अमर शहीद हेमू काल्रनी जी के जीवन पर प्रकाश डाल्रते हुए कहा कि हेमू काल्रनी भारतीय स्वतंत्रता आंदोल्रन के कांतिकारी सेनानी थे, वह स्वराज सेना के नेता थे। वह देश के स्वतंत्रता संग्राम के लिए शहीद होने वाले सबसे कम उम्र के कांतिकारियों में से एक थे। यह देश उनके बल्रिदान को कभी नहीं भूल सकता है।

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए अब सभी अधिकारी व कर्मचारी जी जान से जुट जाएंः निगमायुक्त श्री कन्याल

ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 अब 1 मार्च से 31 मार्च के बीच होना है। हमारे पास अब बहुत कम समय बचा है और तैयारियां बहुत करनी है इसलिए सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी जी जान से जुट जाएं और ग्वालियर को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश का नंबर वन शहर व जिला बनाएं। वीसी के माध्यम से स्वच्छता की समीक्षा करते हुए संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सभी बोर्ड मॉनिटर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में जो भी अधिकारी अच्छा कार्य करेंगे उन्हें निरंतर प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

धारण अभियान के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण 28 फरवरी तक करें

संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने बैठक में दिए दिशा-निर्देश

ग्वालियर। सरकारी जमीन पर मकान बनाकर रह रहे लोगों को अपने मकान का मालिकाना हक हासिल करने का सुनहरा मौका मिला है। ऐसे लोगों को सरकार द्वारा धारण अधिकार अधिनियम के तहत आसान शर्तों पर मालिकाना हक दिया जा रहा है। ग्वालियर जिले में लगभग 15 हजार लोगों ने इसके लिये आवेदन जमा किए हैं। प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का निराकरण 28 फरवरी 2022 तक किया जाए।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने शुक्रवार को नगर निगम के बाल भवन में धारण अधिनियम के संबंध में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा बैठक में यह बात कही। बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, एडीएम श्री इच्छित ग?पाले, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं नगर निगम के विभागीय अधिकारियों के साथ ही बैंक के अधिकारी भी उपस्थित थे।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बैठक में कहा कि प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण करने के साथ-साथ राजस्व एवं नगर निगम का संयुक्त दल बनाकर शिविर भी आयोजित किए जाएं। इन शिविरों में प्राप्त प्रकरणों के निराकरण के साथ-साथ नए आवेदन पत्र प्राप्त करने का कार्य भी किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शासकीय भूमि पर आवास एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान बनाकर रह रहे लोगों का चिन्हांकन भी किया जाए। ऐसे लोगों को धारण अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाए। साथ ही आवेदन न करने वाले ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी प्रशासन करे।

संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने यह भी कहा कि ऐसे आवास जो सरकारी भूमि पर बने हैं, उनसे निगम सम्पत्तिकर भी वसूल करे, इसके लिये निगम का अमला भी पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे। राजस्व एवं निगम के साथ-साथ विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी दल में शामिल किया जाए, ताकि उनके विभाग की वसूली भी बढ़ सके।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में कहा कि जिन प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है, उनमें संबंधित व्यक्ति से प्रीमियम की राशि भी सभी अनुविभागीय अधिकारी अनिवार्यतः जमा कराएं। इसके साथ ही अनुविभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे लोगों का चिन्हांकन कर आवेदन जमा कराने का कार्य भी करें। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रतिष्ठान जो शासकीय भूमि पर बने हैं उनको धारण अधिकार में शामिल कराएं। शामिल न होने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी मुस्तैदी के साथ की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में यह भी कहा कि शीघ्र ही राजस्व एवं नगर निगम के साथ मिलकर शिविरों का आयोजन भी किया जायेगा। प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण 28 फरवरी तक कर लिया जायेगा।

बूथ विस्तारक योजना को पूरे समर्पण भाव से कर रहे हैं कार्यकर्ता : माखीजानी

ग्वालियर। संगठन विस्तार का आधार भौगोल्कि नहीं सामाजिक होना चाहिए। विचार बुद्धि में ठाकरे जी की जन्मशताब्दी कैसे सहायक हो सकती है इस पर विचार होना चाहिए। पार्टी से जुडे कार्यकर्ता ठाकरे जी के मार्ग पर चलें इसके लिए प्रबोधन के साथ सादगी, सहजता, सरल्रता, आत्मीयता इन गुणों को अपनाकर आगे बढना है। जिन मतदाताओं तक अभी तक पार्टी नहीं पहुंची है। उन तक बूथ विस्तारक कार्यक्रम के तहत पहुंच रहे है। इस कार्यक्रम को कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से कर रहे है। यह संगठन यज्ञ है यह कोई साधारण नहीं बल्कि ऐतिहासिक अभियान है। उक्त बात जिल्राध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने शुकवार को बूथ विस्तारक योजना के दूसरे दिन वार्ड कमांक-18 पोलिंग कमांक-14, 15 पर निरीक्षण कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इसके अल्रावा जिल्राध्यक्ष श्री माखीजानी ने वार्ड-53 के पोलिंग कमांक 215 पर बूथ समिति के अध्यक्ष एवं महामंत्री एवं सदस्यों का गठन कर संगठन ऐप पर डिजीटल सत्यापन किया। इस अवसर पर जिल्रा संगठन प्रभारी श्री मधु वर्मा जी, सह प्रभारी श्री अरूण चतुर्वेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसी कम में वार्ड कमांक-5 पोलिंग कमांक-20 आनंद नगर में उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, वार्ड कमांक-29 में बूथ विस्तारक योजना जिल्रा प्रभारी विनोद शर्मा उपस्थित रहे।

नगर निगम ने चलाया मास्क ही है जिन्दगी अभियान

नागरिकों को दी ठीक ढंग से मास्क पहनने की जानकारी, मास्क नहीं पहनने वालों पर लगाया जुर्माना

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा कोरोना के संक्रमण को रोकने में मददगार मास्क का उपयोग ज्यादा से ज्यादा लोग करें, यह जागरुकता जन-जन में लाने के लिए मास्क ही है जिंदगी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शहर के सभी सार्वजनिक स्थानों पर एवं वार्डों में अभियान चलाकर आमजनों को मास्क सही ढंग से पहनने एवं हमेशा घर से बाहर निकलते समय मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया गया तथा मास्क का वितरण भी विभिन्न स्थानों पर किया गया। अनेक स्थानों पर मास्क न पहनने पर नागरिकों से जुर्माना भी वसूल किया गया।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि मास्क ही है जिन्दगी अभियान राज्य शासन के निर्देश पर पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है तथा ग्वालियर में भी अभियान के तहत सभी सार्वजनिक स्थानों, सभी वार्डों में प्रमुख स्थानों के साथ ही गलियों व रोड पर भी यह अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि मास्क ही है जिंदगी अभियान का उद्देश्य शहर में मास्क के प्रयोग को बढ़ावा देना है।

इंटक मैदान में शिफ्ट किये गए सब्जी व्यवसाई आवंटित चबूतरों पर प्रारंभ करें व्यवसाय, अन्यथा दूसरों को आवंटित होगें चबूतरे

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा हजीरा सब्जी मंडी को नये स्वरूप में इंटक मैदान में व्यवस्थित किया गया है तथा सभी सब्जी व्यवसाइयों को इंटक मैदान में व्यवस्थित सब्जी मंडी बनाकर सब्जी व्यवसाईयों को 1 नम्बर से लेकर 114 नम्बर तक चबूतरा आवंटित किया गया है। सभी सब्जी व्यवसाई उन्हें आंटित चबूतरों पर शीघ्र अपना व्यवसाय प्रारंभ करें। अपर आयुक्त राजस्व ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा हजीरा सब्जी मंडी को नये स्वरूप में इंटक मैदान में व्यवस्थित किया गया है तथा सभी सब्जी व्यवसाइयों को इंटक मैदान में व्यवस्थित सब्जी मंडी बनाकर सब्जी व्यवसाईयों को 1 नम्बर से लेकर 114 नम्बर तक चबूतरा आवंटित किया गया है। इसके बावजूद सब्जी व्यवसाइयों द्वारा इंटक मैदान में आंवटित चबूतरे पर अपना व्यवसाय प्रारंभ नहीं किया गया। जिसको लेकर नगर निगम ग्वालियर द्वारा पूरे क्षेत्र में अनाउंसमेंट कराकर सभी सब्जी व्यवसाइयों को सूचित किया गया कि वह आवंटित चबूतरे पर अपना व्यवसाय प्रारंभ कर दें अन्यथा वह चबूतरा किसी अन्य सब्जी व्यवसायी को आवंटित कर दिया जाएगा।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478